## न्यूज ब्रीफ

### गौहावर में दुकानदार को पीटा, सामान फेंका

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव गौहावर निवासी रामू गुप्ता ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार की दोपहर 2 बजे दुकान पर बैठा था। थाना जैतीपुर के गांव विक्रमपुर निवासी जीनू दुकान पर सामान लेने के लिए आए। आरोपी ने दुकान से सामान ले लिया और दुकानदार ने सामान के पैसे मांगे तो गाली देने लगा। आरोपी दुकान से चला गया। कुछ देर बाद आरोपी अपने भाई उदय प्रताप, मोनू, भारत निवासी मकरंदपुर के साथ उसकी दुकान पर आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे दुकान में घुसकर मारा पीटा और दुकान का सामान बाहर फेंक दिया। आरोपियों ने उसके पिता राजेंद्र गुप्ता के सिर में तमंचा की बट मारकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### दुकानदार को ईंट मारकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : चौक कोतवाली के मोहल्ला अजीजगंज निवासी श्यामपाल ने थाना पर दी गई तहरीर बताया कि उसकी किराना की दुकान मोहल्ला अजीजगंज अड्डे पर है। 20 दिन पूर्व शाम साढ़े सात बजे अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। उसकी दुकान पर दो लोग स्कूटी से आए ओर सिर में ईट मारकर घायल कर दिया। दोनों लोग स्कूटी से भाग गए। उसका आरोप है कि दोनों आरोपी ने पहले भी जानलेवा हमला किया था। आरोपियों ने पहले से जान से मारने की धमकी दी थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी आयुष गंगवार निवासी निकट जिला अस्पताल कालोनी चौक और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# तेज हवा-बारिश से गिरी गेहूं-सरसों, चिंता में किसान

## कटाई से पहले मौसम की मार, नुकसान पर मुआवजे की मांग

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार** : क्षेत्र में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर बाद कई बार तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इस बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटाई के कगार पर खड़ी गेहूं और सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है।

किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार खड़ी थी और लगभग 10 से 15 दिनों के भीतर इसकी कटाई शुरू होने वाली थी। लेकिन तेज हवाओं और बारिश के कारण कई खेतों में गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई। बारिश के चलते कई जगहों पर गेहूं का दाना भी खेतों में ही गिर गया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। वहीं दूसरी ओर सरसों की फसल भी खेतों में तैयार खड़ी थी। तेज हवाओं के कारण सरसों की फसल भी कई जगहों पर गिर गई, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है। किसानों ने बताया कि यदि आने वाले दिनों में मौसम और खराब हुआ तो फसलों को और अधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों की मेहनत पर पानी फिरने की आशंका से ग्रामीण क्षेत्रों में चिंता का माहौल है। किसान अब मौसम साफ होने और फसल सुरक्षित रहने की उम्मीद कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि मौसम के कारण फसलों को भारी नुकसान होता है तो प्रशासन को सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। बिलसिया दौलतपुर निवासी किसान पर्वत सिंह ने बताया कि तैयार फसल की कटाई की तैयारी कर रहे थे कि अचानक आसमानी आफत बनकर बारिश और तेज हवाएं आ गईं हैं। अधिकारियों से किसानों की फसल के नुकसान का जल्द से जल्द सर्वे कराकर मुआवजे की व्यवस्था करनी चाहिए।


खेत में गिरी फसल देखता किसान। ● अमृत विचार

- रविवार को बदले मौसम के बाद तेज हवाओं संग कई बार बारिश हुई
- कई जगह गेहूं का दाना खेत में गिरा, उत्पादन प्रभावित होने का डर

### बेमौसम बारिश, तेज हवा और ओलों से किसानों की चिंता बढ़ी

**कलान, अमृत विचार** : क्षेत्र में रविवार तड़के करीब तीन बजे के बाद बूंदाबांदी के साथ बारिश शुरू हो गई। इसके साथ हल्की ओलावृष्टि भी हुई। दोपहर में तेज हवाओं के साथ धूल उड़ती नजर आई, वहीं गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली भी चमकती रही। अपराह्न करीब तीन बजे फिर बादलों ने बारिश शुरू कर दी, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई। किसानों को डर है कि गेहूं की पकी फसल खराब न हो जाए। तेज बारिश और हवाओं के साथ सबसे बड़ी चिंता ओलावृष्टि को लेकर बनी हुई है।


किसान की फसल पर हर वर्ष संकट आता है और उसकी फसल बर्बाद हो जाती है, ऐसे में सरकार को किसानों की फसल की एमएसपी की गारंटी देनी चाहिए। - **भारत सिंह**, भाकियू जिलाध्यक्ष


अभी किसान आलू का नुकसान झेल रहा था उस पर भगवान ने बेमौसम बारिश देकर उसकी गेहूं की फसल को भी बर्बाद कर दिया है। - **परमजीत सिंह**, किसान दलेलपुर


सरकार किसानों की फसल का मूल्य दिलाना सुनिश्चित करे, जिससे किसानों का नुकसान कम हो सके। बारिश को लेकर किसान चिंता में हैं। **करमजीत सिंह**, किसान

## आलू, लाही, बाजरा समेत कई फसलें प्रभावित

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार** : बदले मौसम ने रविवार को किसानों की चिंता बढ़ा दी। बारिश के साथ चली तेज हवा ने तैयार खड़ी फसलों को खेतों में गिरा दिया। कई खेतों में पानी भर गया, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका सताने लगी है। आलू, गेंहू, लाही, बाजरा और अन्य फसलें प्रभावित होने की बात सामने आई है। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश और तेज हवा से फसलें खेतों में बिछ गई हैं, जिससे कटाई के समय दिक्कतें बढ़ेंगी और नुकसान भी होगा। सुबह से काले बादल छाए रहने, तेज हवा चलने और बाद में हुई बारिश ने क्षेत्र के किसानों को और चिंता में डाल दिया है। साथ ही ओले गिरने का डर भी बना हुआ है।

रविवार सुबह से ही मौसम का रुख बदला हुआ था। आसमान में काले बादल छाए रहे और तेज हवा चलनी शुरू हो गई। बीच-बीच में सूर्य की रोशनी भी निकलती रही, लेकिन दोपहर तक मौसम ने पूरी तरह करवट बदल ली। करीब एक बजे बारिश शुरू हुई और उसके साथ तेज हवा भी चलती रही। करीब 40 मिनट तक हुई बारिश और हवा के असर से खुटार क्षेत्र के कई गांवों में खड़ी फसलें गिर गईं। सिल्हुआ, रुजहा खुर्द, रुजहा कलां, कुंभिया माफी, अठकोना, राठ, रसवां कलां, गेंहुआ, कुसुमा, इटौआ, नगरा, रजमना, सौफरी, मलिका और खमरिया गदियाना समेत कई गांवों में गेंहू, आलू, लाही, बाजरा व अन्य फसलों के बर्बाद होने की आशंका जताई गई है। किसानों के मुताबिक फसलें खेत में पूरी तरह गिर गई हैं और कई जगह पानी भी भर गया है। उनका कहना है कि कुछ ही मिनटों की बारिश और हवा से इतना असर पड़ा है तो अगर मौसम दोबारा बिगड़ा तो नुकसान और बढ़ सकता है।

### खेतों में पानी भरने से संकट

रविवार को बदले मौसम का सबसे ज्यादा असर उन किसानों पर पड़ा, जिनकी फसलें कटाई के करीब थीं। तेज हवा और बारिश के साथ खेतों में पानी भरने से किसानों की मेहनत पर संकट खड़ा हो गया। क्षेत्र के कई गांवों से फसलें गिरने की सूचना सामने आई है, जिससे किसान आगे के मौसम को लेकर और सतर्क हो गए हैं। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश और हवा से फसलें खेतों में बिछ जाने पर कटाई करना मुश्किल हो जाता है। ऊपर से काले बादल लगातार छाए रहने और ओले गिरने की आशंका ने चिंता और बढ़ा दी है। अभी मौसम साफ न होने से किसान नुकसान का सही आकलन भी नहीं कर पा रहे हैं।

### मौसम बदलने से किसानों की बढ़ी चिंता, नुकसान की आशंका

**मिर्जापुर / परौर, अमृत विचार** : क्षेत्र में रविवार को अचानक मौसम ने करवट ले ली। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी के साथ तेज हवाएं चलने लगीं। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को हल्की ठंडक का एहसास हुआ, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई। तेज हवा के कारण खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल कई जगहों पर गिर गई, जिससे किसानों को नुकसान की आशंका सताने लगी है। क्षेत्र के कई गांवों में गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार होकर कटाई के लिए खड़ी थी और किसान कटाई शुरू करने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अचानक चली तेज हवाओं ने खड़ी फसल को झुका दिया। कई जगहों पर गेहूं की बालियां जमीन पर गिर गईं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आया। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल पककर तैयार हो चुकी है और थोड़ी सी भी तेज हवा या नमी फसल को नुकसान पहुंचा सकती है। हल्की बूंदाबांदी और तेज हवा के कारण फसल जमीन पर गिरने से कटाई करना भी मुश्किल हो जाता है और उत्पादन पर भी असर पड़ता है। क्षेत्र के किसान रामपाल, सुरेश, हरिशंकर और राजकुमार ने बताया कि उन्होंने पूरे साल मेहनत करके गेहूं की फसल तैयार की थी और अब कटाई का समय करीब आ गया था, लेकिन अचानक मौसम के बदले मिजाज ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। उनका कहना है कि अगर इसी तरह मौसम खराब रहा तो फसल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। मिर्जापुर और परौर क्षेत्र के कई खेतों में तेज हवा के कारण गेहूं की फसल गिरती हुई दिखाई दी। किसानों का कहना है कि गिरी हुई फसल को काटने में ज्यादा मेहनत और समय लगता है। साथ ही यदि नमी बढ़ गई तो दानों पर भी असर पड़ सकता है, जिससे बाजार में गेहूं का सही दाम नहीं मिल पाएगा। फिलहाल बेमौसम हल्की बूंदाबांदी और तेज हवाओं से बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसान यही उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले दिनों में मौसम साफ रहे, ताकि वे अपनी तैयार गेहूं की फसल की कटाई समय पर कर सकें और उन्हें किसी बड़े नुकसान का सामना न करना पड़े।

## कीटनाशक दवा का छिड़काव कर गेहूं सुखाने का आरोप


दवा के छिड़काव से सूखी गेहूं की फसल।

**खुटार, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी किसान रामाधार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका खेत खुटार पुवायां लक्ष्मीपुर मोड पर हाईवे किनारे स्थित है। यहां पुवायां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सिख फार्मर का भी खेत है।

- खुटार पुवायां लक्ष्मीपुर मोड पर हाईवे किनारे खेत का मामला

सिख फार्मर उससे काफी रंजिश मानता चला आ रहा है। इसके चलते सिख फार्मर द्वारा उसकी गेहूं की लहलहाती हरी भरी फसल में जहरीले कीटनाशक की दवा का छिड़काव कर दिया गया। इससे उसकी गेहूं की फसल बिल्कुल सूख गई। किसान रामाधार ने थाने पहुंचकर सिख फार्मर के खिलाफ गेहूं की फसल में जहरीले कीटनाशक दवा का छिड़काव कर फसल नष्ट करने की तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। लेकिन पुलिस ने किसान की तहरीर लेकर कार्यवाही का आश्वासन देकर उसे घर वापस भेज दिया। कई दिन बीत जाने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई जिस पर किसान दर-दर की ठोकरें खाता घूम रहा है। उधर, लेखपाल द्वारा भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल नहीं की गई।

# शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले शाहजहांपुर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को कृभको फर्टिलाइजर मैदान पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक ने किया। खेले गए पहले मैच में शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने आरएस अकादमी श्रावस्ती को 10 विकेट से हरा दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रावस्ती की टीम 48 रन बनाकर आउट हो गई। आयुषी ने 9 रन, अंजलि ने 6 रन बनाए। शाहजहांपुर की ओर से आयुषी त्रिवेदी ने तीन विकेट, वैष्णवी श्रीवास्तव, एंजेल मिश्रा ने दो-दो विकेट लिए। कप्तान वसुंधरा ने एक विकेट लिया। दूसरी पारी में शाहजहांपुर की टीम ने चार ओवर में बिना विकेट खोए लक्ष्य को हासिल कर लिया। शिवा यादव ने 20 रन और संध्या ने 17 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच आयुषी त्रिवेदी चुनी गई। दूसरे मैच में एसआरएमएस अकादमी बरेली ने संस्कृत अकादमी हरदोई को 10 विकेट से हरा दिया पहले बल्लेबाजी करते हुए संस्कृत अकादमी की टीम ने मात्र 35 रन बनाए मूवीस ने 9 रन बनाए बरेली की ओर से प्रगति ने चार विकेट लिए फैजा, गार्गी ने एक-एक विकेट लिया। दूसरी पारी में बरेली की टीम ने पांच ओवरों में बिना विकेट खोए लक्ष्य को हासिल कर लिया। गुंजन ने 20 रन, विशु नहर ने नौ रन बनाए। मैन ऑफ द मैच प्रगति अधिकारी रही। मैच के अंपायर सौरभ देव और दीपक रहे। इस मौके पर मुक्ता पाठक, रेखा बन कोटी, रवि शंकर तिवारी, मनीष सिंह, अमित चौधरी आदि खेल प्रेमियों ने उपस्थित रहकर मैच का आनंद लिया। कोऑर्डिनेटर मनोज यादव के बताया के फाइनल मुकाबला बृहस्पतिवार, 19 मार्च को शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन व एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी बरेली के मध्य खेला जाएगा


कृभको फर्टिलाइजर मैदान पर शाहजहांपुर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में टीमों के खिलाड़ियों के साथ उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक व आयोजक सदस्य।

- कृभको फर्टिलाइजर मैदान पर आरएस अकादमी श्रावस्ती को 10 विकेट से हराया
- दूसरे मैच में एसआरएमएस अकादमी बरेली ने संस्कृत अकादमी हरदोई को हराया

## किशोरी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के कस्बा की एक युवती ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 09 मार्च की दोपहर 12 बजे उसकी छोटी बहन 16 वर्षीय अपने घर से दुकान पर सामान खरीदने के लिए गयी थी।

बदायूं जिले का अनमोल अपने दो साथियों के साथ आया और उसकी बहन को अगवा करके ले गया। उसकी बहन को अगवा कराने में रामदास, रामबाबू निवासी कस्बा गढ़िया रंगीन का सहयोग किया है। उन्होंने रामदास से पूछा तो गलत भाषा का प्रयोग करनें लगे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रहे है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## पशु बिक्री के रुपये मांगने पर विवाहिता को घर से निकाला

**कलान, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के जैतीपुर के अंतर्गत ग्राम सैदापुर गुलडिया निवासी रामकुमार जाटव ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री संतोषा की शादी 16 वर्ष पहले कलान थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर कलुआ पुर निवासी अहिबरन जाटव के साथ की थी। शनिवार शाम गांव से फोन पर सूचना मिली कि उनकी पुत्री संतोषा को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि संतोषा सात बच्चों की मां है। आरोप है कि उसने पशु बिक्री के रुपये ससुरालियों से मांग लिए थे, इसी बात की खुन्नस में उसके साथ यह घटना हुई। रामकुमार जाटव का कहना है कि पति अहिबरन, ससुर रामासरे और सास रामदुलारी ने मारपीट कर संतोषा को घर से निकाल दिया, जो अब गायब है। उन्होंने काफी जगह तलाश किया, लेकिन संतोषा का कहीं पता नहीं चला। रामकुमार जाटव ने रविवार को थाना प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी शिव दीन वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद जांच कराई जा रही है। यदि विवाहिता के पति, सास और ससुर दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी डायरी

### कांशीराम जयंती पर कॉलोनी में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : कांशीराम की जयंती के अवसर पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की ओर से कांशीराम कॉलोनी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आरंभ फीता काटकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने किया। इस दौरान कॉलोनी के लोगों ने विभिन्न बीमारियों से जुड़ी दवाएं लेकर लाभ उठाया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉ. फहाद अली, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, अनिल श्रीवास्तव, रफी उल हसन सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### शाहजीपुर की कबड्डी प्रतियोगिता में विवेकानन्द नगर बना विजेता



**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : बजरंग दल महानगर, शाहजीपुर की ओर से आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखण्डों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल दिखाया। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। अंतिम मुकाबले में विवेकानन्द नगर की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता का पुरस्कार अपने नाम किया। समापन के बाद विजेता टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महानगर जिला उपाध्यक्ष रमेश भाई, महानगर सह मंत्री राहुल कनौजिया, महानगर संयोजक हर्षित गुप्ता, महानगर सह संयोजक सोनू सिंह, महानगर सह प्रचार प्रमुख कुनाल राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिस कार्रवाई पर जताई नाराजगी, सौंपा ज्ञापन

**पुवायां , अमृत विचार** : अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने ग्राम नाहिल में एक युवक के साथ हुई अभद्रता के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने क्षेत्राधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम नाहिल में वैश्य समाज के एक बुजुर्ग से अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना सोशल मीडिया पर भी वायरल हो चुकी है। कहा गया कि पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस को सूचना देने के बावजूद अब तक आरोपियों पर उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है, जिससे पीड़ित परिवार और वैश्य समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वैश्य समाज आंदोलन करने को मजबूर होगा। ज्ञापन देने वालों में संगठन के कपिल गुप्ता, शैलेश वैश्य, सुबोध वर्मा, अम्बरीश रस्तोगी, कुलदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, नितेश गुप्ता, रामजी सराफ, दिवाकर गुप्ता, विशाल ओमर, पुष्कर गुप्ता, गौरव गुप्ता एड, आशीष शाह, गौरव गुप्ता, सगुन गुप्ता, हिमांशु गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला, गांव में दहशत



**खुटार, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव मलिका में बीती रात एक निराश्रित बछड़े को तेंदुए ने अपना निवाला बना लिया। सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने बछड़े का अधखाया शव पड़ा देखा तो वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए के पगचिह्न ट्रेस किए, शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और गड्ढे में दफनवा दिया। मलिका गांव निवासी जगदेव मिश्रा का खेत गांव की पूर्व दिशा में स्थित है, जहां ब्रह्मदेव का स्थान भी है। जगदेव मिश्रा ने बताया कि रविवार सुबह खेत पर पहुंचने पर उन्होंने ब्रह्मदेव स्थान के पास बछड़े का अधखाया शव पड़ा देखा। सूचना पर वन दरोगा रोहित पांडे, अशोक बाजपेई और अन्य वन कर्मी पहुंचे। टीम ने तेंदुए के पगचिह्न ट्रेस करने के बाद बछड़े के शव का पंचनामा भरकर उसे गड्ढे में दफनवा दिया। इसके बाद वन दरोगा रोहित पांडे ने वन कर्मियों के साथ कांबिंग शुरू की। खेतों की तरफ जाते समय झुंड बनाकर जाएं और तेज आवाज करते रहें।

# घर के बाहर खड़ी एंबुलेंस में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : शहर के मोहल्ला मक्कू बजरिया में घर के बाहर खड़ी प्राइवेट एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। आग की लपटे देखकर लोगों ने शोर मचाया। इस दौरान मोहल्ले वाले उठ गए और लोगों के अथक प्रयास से आग बुझायी गयी। एंबुलेंस मालिक का आरोप है कि किसी ने आग लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हयातपुरा निवासी मनोज कुमार की प्राइवेट एंबुलेंस है। उनकी एंबुलेंस राजेश निवासी मक्कू बजरिया चौक कोतवाली चलाता था। वह एंबुलेंस चलाने के बाद अपने घर के बाहर खड़ी कर देता था। शनिवार की रात एंबुलेंस घर के बाहर खड़ी थी। रात में करीब 12 बजे एंबुलेंस में अचानक आग लग गयी। लोगों ने आग की लपटों को देखा और शोर मचाया। चालक राजेश भी जाग गया। देखते-देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। लोगों की अग्निशमन कार्यालय को सूचना दी। दमकल कर्मचारियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। एंबुलेंस स्वामी मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और चालक से जानकारी की। इधर चौक कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। आरोप है कि किसी ने जान बुझकर एंबुलेंस में आग लगायी है।


एंबुलेंस में लगी आग

- दमकल कर्मियों ने बुझाया, आरोप आग लगाई गई

## ट्रांसफर के बाद भी हेड कांस्टेबल रिलीव नहीं

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार** : कस्बा स्थित थाने पर दो से तीन वर्ष पहले तैनात किए गए हेड कॉन्स्टेबल और आरक्षियों का ट्रांसफर होने के बावजूद अभी तक एक कर्मचारी को रिलीव नहीं किया गया है। थाने पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल संजीव कुमार, आरक्षी निखिल कुमार और गौरव का 20 दिन पहले शासन स्तर से जिले के अन्य थानों में ट्रांसफर किया गया था। ट्रांसफर के बाद निखिल कुमार और गौरव अपनी रवानगी कराकर दूसरे थानों पर तैनात हो गए, जबकि हेड कॉन्स्टेबल संजीव कुमार को अभी तक रिलीव नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार थाने पर तैनात पंच प्यारों के नाम से मशहूर कर्मचारियों का ट्रांसफर जिले के भाजपा विधायक ने गांव वालों के अनुरोध पर शासन स्तर से कराया था। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि दो आरक्षियों को रिलीव करने के बाद हेड कॉन्स्टेबल संजीव कुमार को अभी रोक दिया गया है। ट्रांसफर पर आने वाले आठ आरक्षियों के पहुंचते ही हेड कॉन्स्टेबल को रवाना कर दिया जाएगा।

# चित्रा टाकीज में चल रहे कथा ज्ञान यज्ञ का समापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : चित्रा टाकीज में 8 मार्च से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का रविवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। समापन अवसर पर संत सम्मेलन और भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन से पधारे कथाव्यास डॉ. दामोदर दीक्षित साहित्य, व्याकरण एवं संगीताचार्य ने कथा श्रवण कराई, जिसका भक्तों ने लाभ लिया। संत सम्मेलन में पटना विहार से स्वामी सत्यानंद, रायबरेली से स्वामी ज्योतिर्मयानंद, हरिद्वार से स्वामी अक्षयानंद, उरई से पंडित अवधेश दीक्षित, बरेली से पंडित ब्रजेश पाठक, पीलीभीत से पंडित शिवकुमार सुमन और बरेली से पंडित रामदुलारे त्रिगुणायत सहित अनेक संत पहुंचे। श्रद्धालुओं ने उनके दर्शन किए और आशीर्वचन सुने। कार्यक्रम का संचालन आचार्य रामानंद दीक्षित ने किया। संतों के प्रवचन के बाद वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने उद्बोधन दिया और विभिन्न क्षेत्रों से आए संतों का धन्यवाद किया। इसके बाद भंडारा प्रसाद का आयोजन हुआ। भंडारे में सांसद अरुण सागर, विधायक, एमएलसी, महापौर, पार्षदगण, ब्लॉक प्रमुख और शहर के अनेक गणमान्य मौजूद रहे। आयोजन के मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना ने परिवार सहित सभी संतों का स्वागत कर आशीर्वाद लिया। आयोजन में चंद्र शेखर खन्ना धीरू खन्ना, रागिनी खन्ना, जय प्रकाश खन्ना, रोली खन्ना, राज शेखर खन्ना, ओम शेखर खन्ना, कौस्तुभ खन्ना, डॉ. राम मेहरोत्रा, मीरा मेहरोत्रा, सोमनाथ कपूर, सरिता कपूर, ध्रुवनारायन मेहरा और सुधा मेहरा की उपस्थिति व सहयोग रहा।


भागवत कथा पूर्णाहुति पर लोगों को प्रसाद परोसते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

- वृंदावन से आए डॉ. दामोदर दीक्षित ने सात दिन कथा श्रवण कराई

## टावर से प्लेट चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : कांट थाना क्षेत्र के गांव अर्करा रसूलपुर निवासी ओमप्रकाश सिंह ने तहरीर में बताया कि वह एक टावर कंपनी पर टेक्नीशियन पद पर कार्यरत है। रोजा थाना क्षेत्र के गांव बिंदापुर में रेलवे क्रासिंग के निकट कंपनी का टावर लगा हुआ है। एक सप्ताह पूर्व रात में चोरों ने टावर में लगी सोलर प्लेटों को चुरा लिया जिससे टावर का नेटवर्क बाधित हो गया। कंपनी की आर्थिक क्षति हुई है। उन्होंने प्लेटों की तलाश की और नहीं मिली। रोजा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस चोरों की सुरागरसी कर रही है।



इफ्तार
सोमवार
सुन्नी : 6:24
शिया : 6:31

सहरी
मंगलवार
सुन्नी : 4:54
शिया : 4:48

## न्यूज ब्रीफ

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**खुदागंज, अमृत विचार :** पुलिस जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा कराने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। थाना के उप निरीक्षक टीकम सिंह ने बताया कि 23 सितंबर को आरोपी संजीव सिंह निवासी मझिला थाना खुदागंज के खिलाफ जमीन का फर्जी बैनामा करा लेने की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी। पुलिस ने फरार आरोपी संजीव को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

### एचडीपीई वर्मी बेड के लिए कृषक तत्काल कराएं पंजीकरण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि जनपद के कृषकों में नि:शुल्क वितरण के लिए जनपद को मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना (राज्य सेक्टर) योजनान्तर्गत 10 एचडीपीई वर्मी बेड प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कृषकों से अनुरोध है कि योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी व पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाए। जिससे कृषकों का तत्काल पंजीकरण करते हुए एचडीपीई वर्मी बेड उपलब्ध कराई जाए।।

### रंजिश में किया हमला एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** न्यूरिया थाने में दी तहरीर में ग्राम डंडिया निवासी वेदपाल ने बताया कि 4 मार्च की सुबह काम से गांव में गए थे। पत्नी नीलम घर पर खाना बना रही थी। तभी पड़ोसी श्रीकृष्ण, हरीश, अनिल, राहुल, खुशबू, सोनी, कमला रंजिश के चलते घर में घुस आए और पत्नी पर हमला कर दिया। लाठी-डंडे और बांके से वार किए। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। पत्नी लहूलुहान हालत में मिली और घटना की जानकारी दी। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# एसआई भर्ती परीक्षा: 6945 अभ्यर्थियों ने आजमाई किस्मत

## परीक्षा में जीएस और गणित पर अटकी बात, किसी ने पेपर आसान बताया, किसी ने सवालों को उलझाने वाला कहा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शाहजहांपुर में रविवार को इस्लामिया इंटर कालेज केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी।। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस / समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा रविवार को दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की गई। मुख्यालय पर बनाए गए 13 परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ रही। दूसरे दिन पंजीकृत 9120 अभ्यर्थियों में 6945 ने परीक्षा दी। जबकि 2175 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सुबह 8 बजे से अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र व आधार कार्ड आदि के सघन सत्यापन और जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

रविवार को परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। जिला प्रशासन ने परीक्षा को नकल मुक्त और शांतिपूर्ण बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए। परीक्षा केंद्रों के बाहर और अंदर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई है। अभ्यर्थियों की गहन जांच के बाद ही उन्हें कक्ष में बैठने की अनुमति दी जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई, जबकि दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुई। पहली पाली के लिए अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे से प्रवेश दिया गया, और 9:30 बजे के बाद परीक्षा केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए। परीक्षा के लिए पहली पाली में कुल 4560 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, लेकिन इनमें से 3453 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 1107 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में कुल 4560 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, लेकिन इनमें से 3492 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 1068 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासन ने दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों व सुरक्षा और निगरानी के सख्त इंतजाम किए थे। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए हर स्तर पर निगरानी की गई। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 01 सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्त की गयी थी। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों को केवल पेन, प्रवेश पत्र और वैध पहचान पत्र ले जाने की अनुमति थी। मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच भी की गई। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी है, ताकि किसी प्रकार की अफवाह या नकल संबंधी गतिविधियों को रोका जा सके।

**ये हैं 13 परीक्षा केंद्र :** दूसरे दिन जीएफ कॉलेज ब्लॉक ए ब्लाक बी, आर्य महिला इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, पीएम श्री जीआईसी, इस्लामिया इंटर कॉलेज, आर्य महिला डिग्री कालेज, हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज, एसएस कॉलेज, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, स्वामी शुकदेवानंद डिग्री कॉलेज ब्लॉक ए व ब्लाक बी, जनता इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक लालपुर आदि 13 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा हुई।

### परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों ने पेपर के बारे में अपनी प्रतिक्रिया साझा की



अभिषेक कुमार ।



अतुल सिंह।



छात्रा आशा।



मानवेंद्र कुमार।



छात्रा हैप्पी।



राजवर्धन सिंह।

परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों ने पेपर के बारे में अपनी प्रतिक्रिया साझा की। जीएस, गणित और समय प्रबंधन को लेकर अभ्यर्थियों की प्रतिक्रिया अलग-अलग रही। बरेली की छात्रा हैप्पी ने बताया कि पेपर बहुत अधिक कठिन नहीं था। उन्होंने काफी अच्छे से पेपर की तैयारी की थी। करेंट अफेयर्स के सवालों ने जरूर थोड़ा उलझाया। छिबरामऊ के पीयूष यादव ने कहा कि पेपर में मैथ और रीजनिंग दोनों कठिन थे। बाकी पेपर सरल रहा। हरदोई के मानवेंद्र कुमार ने बताया कि जीएस का पेपर कठिन आया, बाकी पेपर आसान रहा। हरदोई के राज्यवर्धन सिंह ने कहा कि जीएस और मैथ थोड़ा मुश्किल थे। वह पुलिस जॉब में जाना चाहते हैं, इसलिए पेपर दिया है। पेपर में पास होने की भी पूरी उम्मीद है। परीक्षा में जीएस और समय प्रबंधन के सवाल अभ्यर्थियों को उलझाते रहे। फर्रुखाबाद के अभिषेक कुमार ने बताया कि बहुत ज्यादा टफ नहीं था। काफी सारे सवालों के जवाब उसे आते थे। पेपर में उत्तीर्ण होने की प्रबल आशा है। लखनऊ के अतुल सिंह ने बताया कि पेपर में कुछ सवालों ने सिर चकरा दिया। तैयारी करके पेपर दिया। सफलता मिलेगी। बदायूं की आशा ने कहा कि उसका पुलिस की जॉब आने का सपना है। पेपर उसकी तैयारी के अनुरूप आने की बहुत खुशी है। उसने पिछले छह माह से परीक्षा की तैयारी शुरू की दी थी।

## परीक्षा छूटने के बाद स्टेशन पर उमड़ी भीड़

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस दरोगा भर्ती की परीक्षा के लिए दूसरे दिन दोपहर और शाम को रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों की भीड़ बढ़ गई। इस दौरान डाउन लाइन की लखनऊ जाने वाली ट्रेनों में अभ्यर्थी चढ़ गए। इस दौरान एक लखनऊ के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई गई।

पुलिस दरोगा भर्ती की परीक्षा दूसरे दिन रविवार को दो पालियों में संपन्न हुई। पहली पाली सुबह दस बजे से दो बजे तथा दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे थी। परीक्षा देने के लिए बरेली, लखनऊ, हरदोई, बिजनौर, पीलीभीत आदि जिले के परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए आए थे। कई परीक्षार्थी अपने निजी वाहन से आए थे। प्रथम पाली की परीक्षा छूटने के बाद दोपहर एक बजे स्टेशन परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान डाउन लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस और राज्यरानी एक्सप्रेस तथा स्पेशल ट्रेन से रवाना हुए। इसी प्रकार दूसरी पाली के परीक्षार्थी शाम को मुगलसराए, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस से लखनऊ आदि के लिए गए। स्टेशन पर एसएस, सीएमआई, आरपीएफ और जीआरपी के सिपाही बराबर प्लेटफार्म पर डटे रहे।

# महिला सिपाही की बेटी से छेड़छाड़ में रिटायर्ड फौजी को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रिटायर्ड फौजी पुलिस हिरासत में।

- छह साल की बच्ची ट्यूशन पढ़ने जाती थी, पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** शहर में महिला सिपाही की छह वर्षीय पुत्री के साथ रिटायर्ड फौजी ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने रिटायर्ड फौजी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। महिला सिपाही की बेटी महिला शिक्षक के घर पर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। आरोप है कि महिला शिक्षक के पिता रिटायर्ड फौजी ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ की थी।

मुजफ्फरनगर जिले की महिला सिपाही की यहां पर पोस्टिंग है। वह एक मोहल्ले में छह वर्षीय बेटी के साथ किराए के मकान में रहती है। उसकी बेटी एक कांवेंट स्कूल में यूकेजी में पढ़ती है। उसकी बेटी घर से कुछ दूरी पर महिला शिक्षक के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। परिवार जैसा माहौल होने के बाद बच्ची पढ़ने के बाद घंटों खेलने लगती थी। शुक्रवार की शाम बच्ची ट्यूशन पढ़ने के लिए गयी। महिला शिक्षक किसी काम से व्यस्त थीं। वह कमरे में खेलने लगी। उसको अकेला पाकर महिला शिक्षक के रिटायर्ड फौजी पिता सत्यवीर सिंह छेड़छाड़ शुरू की। उसके चेहरे में नाखून के दाग थे। बच्ची ने शोर मचाया तो जान से मारने की धमकी दी। बच्ची घर पर गयी और पूरी बात अपनी मां महिला सिपाही को बताई।

महिला सिपाही ने उसके खिलाफ तहरीर दी। सदर बाजार थाना की पुलिस ने पाक्सो आदि की धारा में मुकदमा दर्ज करके आरोपी सत्यवीर को चिनौर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान करके जेल भेज दिया। टीम में उप निरीक्षक रणजीत सिंह, महिला उप निरीक्षक साक्षी चौधरी आदि स्टाफ शामिल थे।

## बच्चों के विवाद में महिलाओं में मारपीट

**परौर, अमृत विचार :** परौर निवासी सुनील पुत्र प्रेमपाल ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि नौ मार्च की शाम करीब 5 बजे बच्चों के विवाद को लेकर गांव की उर्मिला पत्नी राकेश और मधु पुत्री राकेश ने उसकी चाची मीना पत्नी राजकुमार के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि बात बढ़ने पर दोनों ने डंडे और सरिया से हमला कर दिया, जिससे मीना के सिर और शरीर पर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी भी देकर गए। परिजनों ने घायल महिला का उपचार कराने के बाद थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# परिषदीय विद्यालयों में 4228 ने दी परीक्षा

- उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता परीक्षा आयोजित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत परीक्षा देतीं महिलाएं।

**अमृत विचार :** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में बनाए गए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के परीक्षा केंद्रों पर 15 वर्ष से अधिक आयु के नवसाक्षर पुरुषों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक साक्षरता परीक्षा में प्रतिभाग किया। 360 परीक्षा केंद्र पर 1566 पुरुष व 2662 महिला, कुल 4228 प्रतिभागियों ने परीक्षा दी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार की योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में असाक्षर वयस्कों को साक्षर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों के लिए जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाकर साक्षरता परीक्षा आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में नवसाक्षर पुरुषों और महिलाओं ने भाग लेकर पढ़ने-लिखने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विद्यालयों के शिक्षक कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात रहे। परीक्षा की पारदर्शिता एवं व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने स्वयं विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीईओ मुख्यालय सुरेन्द्र मौर्य सहित जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं एआरपी ने भी केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा साक्षरता अभियान को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसे सफल बनाने में सभी के सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

# खीरी का प्रेमी युगल खुटार में पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**खुटार, अमृत विचार :** खीरी के कस्बा मैलानी क्षेत्र का तीन दिन से घर से फरार प्रेमी युगल खुटार में टहलते हुए पकड़ा गया। राहगीरों ने शक के आधार पर पूछताछ की तो मामला खुला। बाद में खुटार पुलिस दोनों को थाने ले गई और फिर मैलानी पुलिस को सौंप दिया।

खीरी पुलिस के मुताबिक युवती के पिता की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी और दोनों की तलाश की जा रही थी। शनिवार सुबह करीब 8 बजे खुटार तिकुनियां चौराहे पर एक युवक और युवती खड़े दिखाई दिए। आसपास मौजूद लोगों को उनकी गतिविधियों पर शक हुआ। पकड़े जाने के डर से दोनों एक ई-रिक्शा पर बैठकर खुटार बाजार की ओर चले गए, लेकिन लोगों ने पीछा कर थाने से पहले ही ई-रिक्शा रुकवा लिया। पूछताछ में दोनों सही जवाब देने में हिचकते रहे, जिससे भीड़ जुट गई। कड़ी पूछताछ में दोनों ने बताया कि उनका दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा है और 3 दिन पहले दोनों घर से निकल गए थे। खुटार पुलिस दोनों को थाने ले आई और मैलानी पुलिस को खबर दी। खीरी पुलिस दोनों को अपने साथ मैलानी ले गई। थानाध्यक्ष खुटार सुभाष चंद्र ने बताया कि सूचना पर युवक और युवती को थाने लाया गया था। मैलानी थाने में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। दोनों को मैलानी पुलिस अपने साथ ले गई है।

## दहेज में बाइक न दी तो महिला को घर से निकाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव सिंगरहा-सिंगरही निवासी प्रेमा ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसने अपनी पुत्री लक्ष्मी की शादी एक साल पहले अक्षय निवासी बहादुरपुर अहमदनगर थाना रोजा के साथ की थी। उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वाले कम दहेज को लेकर उसकी पुत्री को ताना मारने लगे। ससुराल वालों ने उसकी पुत्री से कहा कि मायके से पांच लाख रुपये और अपाचे बाइक मंगाकर दो। आरोप है कि ससुराल वालों ने तीन माह पूर्व उसकी पुत्री को मारा पीटा और घर से निकाल दिया।

# नदी में डूबे व्यक्ति का शव उतराता मिला

- गोताखोरों ने की थी तलाश, नदी के किनारे पैर फिसल गया था

संवाददाता, सिंधौली/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** खन्नौत नदी में डूबे एक व्यक्ति को गोताखोर चार दिन से तलाश कर रहे थे। पांचवें दिन उसका शव बिलरिया गांव नदी में उतराता हुआ मिला। शव देखने वालों की भीड़ लग गयी। सूचना पर रोजा और सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला। परिवार वालों ने शव की शिनाख्त रामसेवक के रूप में की है।

सिधौली थाना क्षेत्र के गांव महाऊ दुर्ग निवासी 42 वर्षीय रामसेवक उर्फ सुखदेव मंगलवार की रात नौ बजे अपनी पत्नी के साथ खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए नदी के किनारे गए थे। उनके खेत में फसल खड़ी है। उसकी पत्नी ने बताया कि बुधवार की सुबह चार बजे उसके पति रामसेवक खन्नौत नदी के किनारे गए और अचानक उनका पैर स्लिप हो गया, जो नदी में डूब गए। पत्नी ने अपने पति को नदी में डूबते हुए देख लिया। उसके पति ने नदी से बाहन निकलने का प्रयास किया। गांव वाले एकत्रित हो गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और पत्नी से जानकारी की। पुलिस ने गोताखोरों से उसकी तलाश करायी।



मृतक रामसेवक।

उनका पता नहीं चला। रविवार की सुबह आठ बजे रोजा थाना क्षेत्र के गांव बिलरिया के ग्रामीणों ने नदी में उतराता हुआ एक शव देखा। ग्रामीणों ने थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नदी से शव को बाहर निकलवाया। सुनीता मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त पति रामसेवक के रुप में की है। मृतक रामसेवक अपने पीछे पत्नी सुनीता और तीन बच्चों को छोड़ गए है। वह खेतीबाड़ी करते थे। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पति ने पत्नी पर चाकू से किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर की कांशीराम कॉलोनी में दहेज की मांग को लेकर पत्नी पर चाकू से वार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता सायना की ओर से उसके पति सोहेल के खिलाफ घर में घुसकर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है।

मो. रफी ने अपनी बेटी सायना का करीब दो साल पहले नगर के मोहल्ला पक्का कटरा निवासी अफजाल पुत्र सोहेल के साथ निकाह किया था। आरोप है कि शुरू से ही सोहेल दहेज की मांग करता था और असमर्थता जताने पर सायना को प्रताड़ित करता था। कुछ समय पहले पति सोहेल ने घर में आग लगा दी थी, जिसके बाद सायना अपने मायके कांशीराम कॉलोनी आ गई थी। सायना का आरोप है कि शनिवार रात करीब आठ बजे उसका पति सोहेल उसके मायके पहुंचा और उसके बाल पकड़कर गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी गर्दन पर घाव हो गया। चीख सुनकर परिजन दौड़े और आरोपी को पकड़ लिया। सूचना पर कोतवाल प्रभारी जुगुल किशोर पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल सायना को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। हालत गंभीर होने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कोतवाल प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि सायना की ओर से पति सोहेल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## महिला को फुसलाकर ले जाने का आरोप

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** ग्राम थरिया निवासी व्यक्ति ने पिता ने बताया कि उनकी पुत्री की शादी 1 दिसंबर 2025 को बदायूं के थाना उसावां क्षेत्र के ग्राम पचदियोरा दीवान नगर में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। होली के त्योहार के चलते उनकी पुत्री मायके आई हुई थी। आरोप है कि 8 मार्च 2026 को वह घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिवार के लोगों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। बाद में जानकारी मिली कि बदायूं के थाना उसैत क्षेत्र के ग्राम रूपापुर निवासी आकोश उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। होशयार सिंह का आरोप है कि उनकी पुत्री अपने साथ ससुराल के जेवरात और घर में रखे करीब 50 हजार रुपये नकद भी ले गई है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई और पुत्री की बरामदगी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रिफिलिंग एवं कालाबाजारी पर प्रशासन की सख्ती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गैस कमी की अफवाहों के बीच कई जगह छापेमारी कर सिलेंडर पकड़े

**अमृत विचार:** गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए जिले के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की और भरे व खाली सिलेंडर बरामद किए। कार्रवाई के बाद अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि घरेलू एलपीजी का गलत इस्तेमाल करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

प्रवर्तन टीम ने नगर निगम क्षेत्र के रूंगज में पक्का पुल के पास महेश चंद्र की दुकान पर छापा मारकर दो घरेलू सिलेंडर, दो कंपनी के छोटे पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर और 29 अधोमानक छोटे गैस सिलेंडर बरामद किए। इसके अलावा मोहल्ला मेहमानगढ़ी स्थित आरकेटी स्टॉल रेस्टोरेंट से दो घरेलू गैस सिलेंडर कब्जे में लिए गए। तहसील तिलहर के खैरपुर चौराहे के पास भी छापेमारी के दौरान दो भरे और दो खाली घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग का मामला सामने आया। प्रशासन की यह कार्रवाई गैस की कमी से जुड़ी अफवाहों के बीच की गई। इन अफवाहों के चलते जिले में लोगों के बीच बेचैनी बढ़ गई थी और गैस एजेंसियों पर ई-केवाईसी कराने वालों की लंबी लाइनें लग गई थीं।

हालात संभालने और अफवाहों पर रोक लगाने के लिए प्रशासन की ओर से टीमें बनाई गई थीं, जो लगातार एजेंसियों पर नजर रखे हुए थीं। बरामद सिलेंडरों के मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति घरेलू एलपीजी का इस्तेमाल रिफिलिंग या कालाबाजारी में करता मिला तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। प्रशासन ने पाया कि कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू एलपीजी को कमर्शियल सिलेंडरों में भरकर गलत इस्तेमाल किया जा रहा है।

## दो बाइकों की टक्कर में युवक गंभीर घायल

**पुवायां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायल युवक के साथ मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। जानकारी के अनुसार जलालपुर निवासी अमर सिंह बाइक से जा रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक की टक्कर गांव के सर्वेश की बाइक से हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अमर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि हादसे के बाद सर्वेश के परिवार के लोगों ने अमर सिंह के साथ मारपीट कर दी, जिससे उनकी हालत और बिगड़ गई। यूपी-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अमर सिंह को तत्काल पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. ने हालत गंभीर देखते हुए अमर सिंह को राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है।

# ट्रक से टूरिस्ट बस टकराई, एक दर्जन श्रद्धालु घायल



कटरा सीएचसी पर घायल श्रद्धालु। ● अमृत विचार





बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- हरिद्वार से अयोध्या जा रही थी, घायलों को अस्पताल भेजा

**अमृत विचार:** मीरानपुर कटरा में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरिद्वार से अयोध्या जा रही टूरिस्ट ट्रक से टकरा गयी। बस के टकराने के बाद श्रद्धालुओं में चीख पुकार मचने लगी। बस में सवार एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना पर कटरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल श्रद्धालुओं को कटरा सीएचसी पर भेजा गया। डॉक्टर ने घायलों के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार गोरखपुर जिले के शिकारगंज थाना क्षेत्र के 50 श्रद्धालु पांच दिन पहले टूरिस्ट बस से अयोध्या से हरिद्वार के लिए रवाना हुए थे। बस को गोरखपुर के बेल काट थाना के गांव बर्सी निवासी मनोज कुमार सिंह चला रहे थे। शनिवार की रात करीब साढ़े तीन बजे टूरिस्ट बस हरिद्वार से अयोध्या जा रही थी। लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में चौधरी ढाबे के सामने ट्रक ने साइड से बस को टक्कर मार दी, टक्कर लगने पर बस में बैठे श्रद्धालु में चीखपुकार मचने लगी और दरवाजे की तरफ भागने लगे। बस का एक साइड का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। चालक ट्रक लेकर भाग गया। सूचना पर कटरा थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने खून से लथपथ एक दर्जन श्रद्धालुओं को बस से बाहर निकाला। हादसे में गोरखपुर के शिकारगंज थाना क्षेत्र के गांव वनकटी के महावीर यादव, उनकी पत्नी सरस्वती यादव, कौशल्या पत्नी छटठू, सुमित्रा देवी पत्नी अनिल जायसवाल, बेलाघाट के मंजू देवी पत्नी दयाराम, वनकटी के कौशल्या पत्नी रामेश, गांव चावरिया के भानूमित पत्नी लक्ष्मण, गांव विकू भैसा के रमा शंकर, वनकटी के शीतल, स्वामीनाथ, लक्ष्मी नाथ, जीतन यादव घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को कटरा सीएचसी पर भेजा। डाक्टर ने सभी घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। अन्य श्रद्धालु दूसरी बस से गतव्य स्थान के लिए रवाना हुए। कटरा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रात में ट्रक ने बस को साइड से टक्कर मार दी, जिससे बस में एक दर्जन लोग घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**इफ्तार** 16 मार्च
सुन्नी : 06.27
शिया : 06.35

**सहरी** 17 मार्च
सुन्नी : 04.58
शिया : 04.53

नोट : क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

# आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, फसलों को भारी नुकसान

## गेहूं-सरसों की फसलें खेतों में गिरीं, जिले में तड़प उठे किसान, आंधी ने कच्चे गेहूं पर ज्यादा की चोट, बारिश बन गई आफत

कुदरत की मार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को आंधी पानी से किसानों का भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर गिर गयी है जिसमें पचास प्रतिशत पैदावार कम होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बेमौसम बारिश से सरसों को भारी क्षति हुई है। खेतों में सरसों झड़ने से किसानों की धड़कने बढ़ गयी हैं।

मौसम के जानकारों ने तीन दिन पहले से 15 और 16 मार्च को आंधी पानी की संभावना जताई थी। उक्त पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को सुबह चार बजे से आसमान में काले बादल छा गये। तेज हवाओं ने लोगों को शीत लहर की याद दिला दी। ठंडी हवा से लोग कांपने लगे। सुबह होते होते आसमान में बादल पूरी तरह छा गए। उसके बाद दस बजे से बूंदा बांदी शुरू हो गयी जो दोपहर होते होते तेज बारिश में बदल गयी। दोपहर एक बजे आंधी के साथ पानी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। आंधी के चलते सड़कों पर यातायात भी थम गया। कुछ देर के लिए आंधी से लोग बचते नजर आए। आंधी के कारण खेत खलिहानों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल गिर गयी। जमीन पर गेहूं बिछ गया जिससे किसानों की धड़कन और बढ़ गयीं। गेहूं से अधिक सरसों को आंधी पानी से क्षति हुई है। खेतों में पकी खड़ी सरसों आंधी पानी में झड़ गयी जिससे किसानों की धड़कनें बढ़ गई हैं। सुबह दस से दोपहर एक बजे तक मौसम ने कई वार सख्त तेवर दिखाए। बार बार गरज रहे बादल फसलों पर मुसीबत बन कर बरसे, खेतों में फसलें चौपट हो गयीं। निचले खेतों में कुछ भी नहीं बचा है। किसानों का कहना है कि अब तक जो गेहूं अच्छी पैदावार के संकेत दे रहा था वह पूरी तरह गिर गया जिससे उसकी उपज आधी रह गयी है।

इस मौसम में बारिश होने से किसानों को कई तरह से क्षति हुई है। मुख्य रूप से सरसों और गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है।

**बारिश से आलू किसानों को हुआ नुकसान :** बारिश से आलू की फसल को भी क्षति पहुंची है। बारिश की बूंदों से जमीन के अंदर छिपा आलू ऊपर दिखने लगा है जो अब हरा बन जाएगा और उसकी कीमत आधी रह जाऐगी। किसानों ने बताया कि इस समय 30 प्रतिशत किसानों के खेतों में आलू खड़ा है जो अच्छे भाव में बिकने को छोड़ा गया था। अब वही आलू सबसे कम कीमत पर बिकेगा जिससे किसान को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। कई तरह की सब्जियों को पानी से नुकसान हुआ है। हरी पत्तेदार सब्जियां और फूल गोभी को बारिश के कारण क्षति पहुंची है।

**सुबह से दोपहर तक कई बार बदला मौसम:** सुबह से दोपहर तक कई बार मौसम ने करवट बदली, जिससे लोग डर कर अपने घरों को भागने लगे।

लेकिन दोपहर दो बजे के बाद आकश में तेज धूप दिखी तो लोगों ने राहत की सांस ली। दो बजे के बाद फिर बादल छट गए आर धूप ने पूरा असर दिखाया। हालांकि तेज बारिश न होने से कुछ राहत जरूर रही फिर भी फसलों को हूए नुकसान से किसान परेशान हैं।


आंधी में जमीन पर गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

### ठप हुई बिजली सप्लाई, उपभोक्ता परेशान

बदायूं, अमृत विचार : रविवार को आयी आंधी के बाद बिजली गुल हो गयी। जिले भर में करीब चार से पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद जब मौसम साफ हुआ तो बिजली आपूर्ति बहाल हुई जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। देहात क्षेत्र में सुबह आठ बजे बिजली सप्लाई आती है जो दोपहर दो बजे तक चलती है। लेकिन रविवार को सुबह से ही तेज हवाओं ने जोर पकड़ लिया जिससे सुबह को बिजली सप्लाई दो मिनट को दी गयी उसके बाद हवा के कारण बिजली सप्लाई रोक दी गयी। दोपहर तक आंधी की तरह हवाएं चलीं। तीस से 40 किमी प्रति घंटा की स्पीड से हवाओं ने झोका मारा। जिसके बाद जिले भर की बिजली सप्लाई ठप हो गयी। आंधी में करीब चार घंटे तक किसी बिजली घर से सप्लाई नहीं दी गयी। आंधी पानी के बाद जब कुछ मौसम साफ हुआ तो दोपहर एक बजे सप्लाई दी गयी जिसके बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। सहसवान क्षेत्र के नाधा और उस्माननपुर क्षेत्र में करीब पांच घंटे तक बिजली गुल रही। दोपहर के बाद मौसम कुछ सामान्य हुआ तो बिजली घरों से सप्लाई दी गयी जिससे इस क्षेत्र के करीब पचास से अधिक गांवों में अंधेरा छाया रहा। मुजरिया, कोल्हाई, ढकपुरा, बिल्सी आदि गांवों में बिजली सुबह से लेकर दोपहर एक बजे तक बाधित रही। पांच घंटे तक मौसम की आंख मिचौली के कारण लोग डरे सहमे रहे।

### दातागंज क्षेत्र में दो जगह टूटे बिजली के तार

दातागंज क्षेत्र में आंधी के कारण कुछ स्थानों पर जर्जर लाइनों के तार टूट गए जिससे बिजली काफी देर तक ठप रही। जमालपुर और बीरमपुर आदि गांवों में तीन लाइनों के तार टूटे जिसे आंधी खत्म होने के बाद ठीक किया गया। इन गांवों में शाम चार बजे बिजली सप्लाई शुरू हो सकी। दातागंज डहरपुर, मूसाझाग और लखनपुर आदि गांवों में घंटों तक बिजली आपूर्ति ठप रही। लेकिन कर्मचारियों की तत्परता के चलते शाम चार बजे आपूर्ति बहाल कर दी गयी। उसके बाद सभी इलाकों में बिजली सुचारू की गयी।

न्यूज ब्रीफ

### मधुमक्खियों के हमले से ग्रामीणों में भगदड़


मधुमक्खियों के हमले से भागते ग्रामीण।

**बिल्सी , अमृत विचार :** रिसौली में रविवार को एक दसवां संस्कार नगर की मढ़ी पर किया जा रहा था। निकट ही पीपल का पेड़ है। जिस पर अचानक से मधुमक्खी के छत्ते से मधुमक्खियां उड़ने लगीं और नीचे खड़े लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के डंक से भगदड़ मच गई। आकाशदीप, राजन, सचिन, अखिलेश श्रीवास्तव आदि घायल हो गए, घायलों को अस्पताल भेजा गया। मधुमक्खियों के हमले से काफी देर तक अफरा तफरी मची रही। काफी देर के बाद दसवां संस्कार कार्यक्रम शुरू हो सका।

### अंडरपास को लेकर पांचवें दिन भी धरना

**बदायूं, अमृत विचार :** अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर रविवार को दर्जनों ग्रामीण हाईवे के निकट धरने पर बैठे। ग्रामीणों ने अंडरपास की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना चार दिन पहले से शुरू कर दिया है। उझानी के गांव जिरोली सहित कई गांवों के लोग धरने पर बैठ रहे हैं।

### किशोरी को ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र निवासी 16 साल की किशोरी को उसकी के गांव का युवक 11 मार्च को बहला फुसलाकर ले गया। किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी जगतपाल, अक्कू उर्फ राजीव, उर्मिला, रेखा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सड़क हादसे में कैंटर सवार युवक की मौत

**उझानी, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के जाफरपुर गांव निवासी पुष्पेंद्र (30) पुत्र अभयराम कैंटर में बैठकर शनिवार आधी रात किसी काम से उझानी आ रहे थे। रात में लगभग डेढ़ बजे तेज रफ्तार कैंटर उझानी कोतवाली क्षेत्र में अवंतिका वाटिका के पास अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराकर नाले में जा घुसा।


पुष्पेंद्र का फाइल फोटो।

हादसे में कैंटर में बैठे पुष्पेंद्र की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है।

# दावा भरपूर गैस स्टाक का, एलपीजी के गोदामों पर लगी लंबी कतारें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बुक कराने के बाद भी नहीं मिल पा रहा सिलेंडर
- गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लग रही हैं महिलाएं
- चूल्हा जलाने को लोग तलाशने लगे हैं दूसरे विकल्प

**अमृत विचार:** प्रशासन और गैस एजेंसी संचालकों के भरपूर स्टॉक होने के हवा हवाई दावों के बीच उपभोक्ता एक-एक सिलेंडर के लिए परेशान हैं। सिलेंडर बुक होने के बाद तीन से चार दिन बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा। महिलाएं घर का कामकाज छोड़ कर लाइन में लगी हुई हैं। रविवार को भी एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी गईं। जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। लेकिन उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल सका। एजेंसी संचालकों ने बुकिंग होने के बाद भी ई-केवाईसी न होने की बात करते हुए सिलेंडर की पर्ची देने से इंकार कर दिया। जिसको लेकर नोकझोंक भी हुई। लेकिन उन्हें सिलेंडर की पर्ची नहीं मिल सकी। पर्ची न मिलने की दशा में मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। वहीं गैस न मिलने की दशा में लोगों ने दूसरे विकल्प तलाश करने शुरू कर दिए हैं।

रसोई गैस की किल्लत शहर सहित जनपद भर में बरकरार है। पहले उपभोक्ताओं को बुकिंग कराने के लिए सर्वर डाउन होने की वजह से परेशान होना पड़ रहा था। अब सर्वर के सही से काम पर बुकिंग करने के बाद सिलेंडर के लिए मारा करनी पड़ रही है। रविवार को शहर के इंद्रा चौक स्थित भारत की सिंह गैस एजेंसी और बदायूं गैस एजेंसी ऑफिस पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन देखी गईं। जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। उपभोक्ता सुबह छह से बजे लाइन में आकर खड़े हो गए थे। लेकिन उन्हें सिलेंडर लेने के लिए पर्ची प्राप्त नहीं हो सकी। एजेंसी संचालकों के द्वारा उपभोक्ताओं को बुकिंग होने के बावजूद ई-केवाईसी न होने की बात करते हुए वापस किया जा रहा था। भारत की सिंह एजेंस पर हालात अधिक खराब दिखे। यहां पर महिलाएं घर का सारा कामकाज छोड़कर सिलेंडर के लिए सुबह छह बजे ही आकर खड़ी हो गईं। घंटों लाइन में लगने के बाद जब पर्ची लेने का नंबर आया तो उन्हें ई-केवाईसी न होने की बात करते हुए वापस किया जाने लगा। जिस पर उनकी एजेंसी संचालक से नोकझोंक भी हुई। इसके बाद भी उन्हें सिलेंडर गोदाम से लाने के लिए संचालक द्वारा पर्ची नहीं दी गई। जबकि उपभोक्ताओं के द्वारा एजेंसी संचालक को ई-केवाईसी होने की जानकारी दे रहे थे। लेकिन संचालक उनकी बात सुनने को तैयार थे। जिसके कारण उपभोक्ताओं को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। यह स्थिति एक शहर की ही नहीं हैं। देहात क्षेत्र में भी बनी हुई है। जबकि प्रशासन गैस का भरपूर स्टॉक होने का दावा कर रहा है। इसके बाद भी उपभोक्ताओं को एक एक सिलेंडर के लिए परेशान होना पड़ रहा है।


एजेंसी ऑफिस गेट पर लगी उपभोक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार

> सरकार की गाइड लाइन का पालन करते हुए ई-केवाईसी कराने वाले उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिया जा रहा है। स्टॉक की कोई कमी नहीं है।
> **राजेश कुमार सिंह**, एजेंसी संचालक

> अब तक किसी भी उपभोक्ता के द्वारा शिकायत नहीं की है। शिकायती पत्र मिलने पर एजेंसी संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ई-केवाईसी और बुकिंग के बाद भी सिलेंडर उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है तो उसे दिखवाया जाएगा।
> **सतीश चंद्र मिश्रा**, जिला पूर्ति अधिकारी


तीन दिन से सिलेंडर के लिए एजेंसी पर आ रहे हैं। पहले बुकिंग नहीं हो रही थी। जब बुकिंग हो गई तो ई-केवाईसी न होना बताकर वापस कर दिया। ई-केवाईसी कराने के बाद भी अब तक सिलेंडर लेने को पर्ची नहीं मिली है। **संजना**, उपभोक्ता मो. शहबाजपुर


हम पहले ई-केवाईसी करा चुके हैं। सिलेंडर लेने आए तो कहा गया है ई-केवाईसी नहीं है। लेकिन सिलेंडर नहीं दिया। फिर से ई-केवाईसी करवाई है। सुबह से लाइन में लगे हैं, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिल सका है। **अक्षरा**, उपभोक्ता मो. शिवपुरम


पांच दिन पहले सिलेंडर खत्म हो गया है। इसके बाद से रोजाना एजेंसी आ रहे हैं, लेकिन सिलेंडर नहीं मिल सका है। सिलेंडर न मिलने पर इंडक्शन पर खाना बना रहे हैं। आज सुबह से लाइन में लाइन में लगे हैं। लेकिन अब तक सिलेंडर की पर्ची नहीं मिल पाई है।
**शांति**, उपभोक्ता मो. जवाहरपुरी


घर में तीन तीन साल का बच्चा छोड़कर सिलेंडर के लिए तीन दिन से भाग रहे हैं। कभी आपूर्ति न होने की बात कही जाती है तो कभी लंच के नाम पर ऑफिस बंद कर दिया जाता है। सुबह से लाइन में लगे हैं। सिलेंडर नहीं मिल रहा।
**शालिनी**, उपभोक्ता मो. शहबाजपुर

# खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गिरोह चलाकर सड़क किनारे खडे वाहनों को बनाते थे निशाना

**अमृत विचार :** मुजरिया पुलिस ने सड़क किनारे खड़े वाहनो से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। एक आरोपी को मय कैंटर यूपी 23 एटी 6860 के साथ पकड़ा। उसके पास से प्लास्टिक के 500-500 लीटर के दो टैंक, एक 200 लीटर का ड्रम, 50 लीटर डीजल, प्लास्टिक के तीन पाइप आदि बरामद किया। आरोपी को जेल भेजा गया है।

जिला बरेली के थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी बृजेश पुत्र जियालाल ने अपने ट्रक यूपी 82 पी 9783 की टंकी का लॉक तोड़कर लगभग सौ लीटर डीजल चोरी होने का मामला दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान हापुड़ के थाना धौलाना क्षेत्र के गांव शेखपुर खिचरा निवासी खालिद पुत्र अलाउद्दीन, मेरठ के थाना सरूरपुर के गांव हर्रा निवासी अनवार पुत्र सैद, मेरठ के थाना जानी क्षेत्र के गांव सिवाल खास निवासी वसीम पुत्र इश्तियाक, इसी गांव के शहजाद पुत्र अख्तर के नाम सामने आए थे। पुलिस ने उनमें से एक आरोपी खालिद को गांव नगला भिंड के पास यात्री शेड से गिरफ्तार कर लिया। उसके साथियों की तलाश की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक विदेश कुमार शर्मा ने बताया कि गिरोह के फरार साथियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# 15270 ने दी नवभारत साक्षरता परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने केंद्रों का भ्रमण करके देखी व्यवस्थाएं

**अमृत विचार:** जिले में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के 15270 असाक्षरों ने भाग लिया। परीक्षा 1496 केंद्रों पर संपन्न हुई। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ बीईओ द्वारा केंद्रों का भ्रमण किया गया।

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम आयोजित हुई के तहत साक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाकर उन्हें औपचारिक मान्यता प्रदान करना है।

सफल प्रतिभागियों को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) द्वारा साक्षरता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया था। विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षण के लिए जिला समन्वयकों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। बताया कि परीक्षा 1496 केंद्रों पर आयोजित हुई। जिसमें 15270 लोग बैठे। बीएसए ने बताया कि जो प्रतिभागी इस परीक्षा में शामिल नहीं हो सके, उन्हें सितंबर 2026 में होने वाली अगली परीक्षा में अवसर दिया जाएगा। इस दौरान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय पटियाली सराय का निरीक्षण किया। जहां परीक्षा शान्ति पूर्वक सकुशल होती पाई गई।


परीक्षा का जायजा लेते बीएसए। ● अमृत विचार

# मजदूर की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत

संवाददाता, आसफपुर

- गुस्साए लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पीटा, सड़क पर लगा दिया जाम

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव आसफपुर में रेलवे स्टेशन के आगे पुल के पास हादसे में मजदूर की मौत हो गई। ट्रैक्टर के पहिये उसके सिर के ऊपर से गुजर गए थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और गुस्साई भीड़ ने चालक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। गुस्साए लोगों ने जाम लगा दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जिला संभल के थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फैजुल्लापुर निवासी विनोद (45) पुत्र नेत्रपाल मजदूरी करने के बाद गांव परसिया से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पुल वाले महाराज के स्थान पर चल रहे होली मेले में वह अपने साथियों के साथ रुक गए और मेला देखने चले गए। कुछ देर के बाद वह मेला से बाहर आए और सड़क पार करने लगे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मारी और उसके ऊपर से चला गया। मेला में मौजूद लोगों ने चालक को मय ट्रैक्टर पकड़ लिया। सीट से नीचे उतारकर उसे पीट दिया। सूचना मिलते ही आसफपुर पुलिस चौकी इंचार्ज रामकुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। आसफपुर सीएचसी के चिकित्सक ने विनोद की मौत की पुष्टि की। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने कुछ समय के लिए सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा कर जाम लगा दिया था, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया और यातायात सुचारू कराया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर बरेली जिले के सिरौली थाना क्षेत्र के शिवपुरी इलाके के किसी गांव का है और चालक नाबालिग बताया जा रहा है। चौकी इंचार्ज रामकुमार ने बताया कि विनोद मौत हो गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


पुलिस चौकी में खड़ा ट्रैक्टर।

तैयारी अधूरी | लंबे समय से शिक्षकों की लगी है एसआईआर कार्य में ड्यूटी

# परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं आज से

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्कूलों में अब तक नहीं पहुंच सके प्रश्न पत्र, पाठ्यक्रम भी नहीं हो सका है पूरा
- आधी-अधूरी तैयारी के बीच कैसे बच्चे दे पाएंगे परीक्षाएं

**अमृत विचार:** आधी अधूरी तैयारियों के बीच परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। एसआईआर कार्य के चलते शिक्षकों की ड्यूटी लगी हुई है। अब तक स्कूलों में प्रश्न पत्र तक नहीं पहुंच सके हैं। ऐसे में परीक्षाओं के दौरान पारदर्शिता को लेकर संशय बना हुआ है।

जिले के 2158 परिषदीय स्कूलों में 2.89 लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। इन स्कूलों में कार्यरत छह हजार शिक्षकों में से करीब 15 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी पिछले साल नवंबर माह से एसआईआर कार्य में लगी है। स्कूलों का संचालन प्रधानाध्यापक या फिर शिक्षामित्रों के सहारे हो रहा है। भारी संख्या में शिक्षकों की डयूटी एसआईआर कार्य में लगी होने की वजह से बच्चों की पढ़ाई भी नहीं हो सकी है। कोर्स भी पूरा नहीं हो सका है। हाल में राज्य परियोजना निदेशक द्वारा परीक्षा कार्यक्रम जारी करने के बाद बीएसए को तैयारी करने के आदेश दिए थे। डायट प्राचार्य को प्रश्न पत्र तैयार करने के लिए कहा गया था। लेकिन अब तक प्रश्न पत्र स्कूलों तक नहीं पहुंच सके हैं। ऐसे में जहां शिक्षक प्रश्नपत्रों के न पहुंचने से परेशान दिख रहे हैं। वहीं बच्चों को भी अधूरे पाठ्यक्रम के बीच परीक्षा देने के लिए विवश होना पड़ रहा है। विदित रहे कि परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू हो रही हैं। यह परीक्षाएं 20 मार्च को समाप्त होंगी। 25 मार्च तक मूल्यांकन कार्य होगा। इसके बाद तीस मार्च को अभिभावकों की उपस्थिति में परिणाम घोषित किया जाएगा।

> परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। प्रश्न पत्रों को समय पर स्कूलों में पहुंचाया जाएगा। परीक्षाएं पारदर्शिता के साथ कराई जाएगी। इसके लिए शिक्षकों को बीईओ की जिम्मेदारी तय की गई है।
> **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए



### लाइन में स्पार्किंग होने से इमलिया की बिजली ठप

**कुंवरगांव , अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र कुंवर गांव क्षेत्र के गांव इमलिया में जर्जर विद्युत लाइन एक बार फिर आफत बन गई। शनिवार रात खंभे पर लगी पुरानी केबिल में तेज स्पार्किंग के बाद आग लग गई, जिससे पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

बिजली गुल होते ही ग्रामीणों को पूरी रात अंधेरे में मच्छरों के साथ गुजारनी पड़ी, करीब 16 घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कई स्थानों पर बिजली की लाइनें बेहद पुरानी और जर्जर हो चुकी हैं। इन लाइनों में आए दिन स्पार्किंग होती रहती है, लेकिन विभाग की ओर से उन्हें बदलने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शनिवार रात केबिल में आग लगने से पूरे गांव की सप्लाई बंद हो गई, जिससे नलकूप, घरेलू कामकाज और अन्य जरूरी गतिविधियां प्रभावित रहीं।

# आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने में होटल मालिक- मैनेजर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वीडियो वायरल होने पर उपनिरीक्षक ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट, एक फरार

**अमृत विचार :** दातागंज के एक होटल में गुप्त तरीके से आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने पर पुलिस ने होटल के दो मालिक और मैनेजर के खिलाफ जबरन वसूली और आईटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की। दोनों को जेल भेजा गया है। जबकि उनका साथी तीसरा आरोपी फरार है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र में 14 मार्च का बरेली मार्ग स्थित के शालू स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट के कमरे में प्रेमी युगल का आपत्तिजनक वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ था। जिसमें वह व्यक्ति भी रिकॉर्ड हुआ जो कमरे में कैमरा लगा रहा था। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि होटल के मालिक गांव पापड़ हमजापुर निवासी पिंटू गुप्ता और शानू गुप्ता और होटल के मैनेजर उनके ही गांव के चंद्रपाल यादव पुत्र चिम्मन लाल यादव ने आपस में सांठगांठ करके महिला व पुरुष को किराए पर कमरा दिया। गुप्ता तरीके से उनकी वीडियो बना ली। उन्हें ब्लैकमेल करके रुपये मांग रहे थे और तरह-तरह का दबाव बना रहे थे। उपनिरीक्षक इंद्रेश कुमार सिंह की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी होटल मालिक शानू गुप्ता और मैनेजर चंद्रपाल यादव को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पुलिस उनके तीसरे साथी की तलाश कर रही है। साथ ही यह जानकारी कर रही है कि इससे पहले वह और कितने लोगों की वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर चुके हैं।


पुलिस की गिरफ्त में आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी।

### पति से कहासुनी के बाद महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**उझानी, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मलगांव निवासी सोहनलाल की बेटी रंगोली की शादी लगभग दो साल पहले उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव फकीराबाद निवासी कुलदीप के साथ हुई थी। शनिवार रात पति-पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद रंगोली ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। मृतका के भाई का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी बहन की गला दबाकर हत्या की है। पुलिस ने रविवार चार बजे के आसपास रंगोली के शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मृतका रंगोली

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076




मौके पर मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल और सदर एसडीएम मोहित कुमार।



आग लगने की सूचना पर मौजूद जुटी भीड़। ● अमृत विचार



आग के चलते आसपास के दुकानदारों ने बंद कर दी दुकानें। ● अमृत विचार

# शॉर्ट सर्किट से गारमेंट शो-रूम में लाखों के कपड़े जलकर राख

## बीच बाजार लगी भयानक आग आसपास की दुकानों तक पहुंची, घंटों की मशक्कत से दमकल ने पाया काबू, दहशत में पूरा मार्केट हुआ बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बाजार के बीच स्थित कपड़े की दुकान में अचानक आग लग गई। शटर के नीचे से धुआं निकलता देख आसपास के दुकानदारों की सूचना पर दुकान मालिक मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। कई घंटों के बाद आग पर काबू पाया जा सकता। लेकिन तब तक उस दुकान के अलावा पास की दूसरी कपड़े और फल की दुकानें चल गईं। पूरा समय बाजार में अफरा-तफरी मची गई। आग से तकरीबन 50 से 60 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।



दुकान की आग बुझाते अग्निशमन कर्मचारी। ● अमृत विचार



दुकान में आग लगने से परेशान ज्योति वैश्य।



आग बुझाने के लिए दुकान का शटर तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

### वीडियो बनाते रहे लोग, पुलिस लाइन से बुलाए गए रिक्रूट

बाजार का मुख्य मार्ग होने की वजह से आवागमन रोकना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर साबित हुई। लोग मौके पर पहुंचकर वीडियो बनाते नजर आए। सदर कोतवाल संजय सिंह और सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह लोगों को दूर करते रहे। मौके पर मौजूद पुलिस बल कम नजर आया तो रिजर्व पुलिस लाइन से रिक्रूट्स को बुलाकर भीड़ को हटाया गया।

शहर में छह सड़का से घंटाघर की ओर बढ़ने पर सब्जी मंडी गेट पर फल की दुकान के पास ज्योति वैश्य की ज्योति गारमेंट्स नाम से दुकान है। रविवार सुबह व्यापारी दुकान खोलने पहुंचे तो ज्योति वैश्य की दुकान के शटर के नीचे से धुआं निकलता देखा। सूचना मिलने पर ज्योति वैश्य मौके पर पहुंचे। शटर खोलने का प्रयास किया लेकिन वह बुरी तरह से तप रहा था। कुछ समय के बाद सदर कोतवाल संजय वैश्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना देकर अग्निशमन विभाग को बुलाया। नगर पालिका की जेसीबी से दुकान का शटर तोड़ा गया तो आग की लपटें बाहर तक आ गईं। बाहर भगदड़ मच गई। अग्निशमन विभाग ने आग बुझाने का प्रयास किया। तब तक आग ने पास की दुकान का भी गिरफ्त में ले लिया। उसकी दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। फल की दुकान भी जली। कुछ समय के बाद फायर टेंडर का पानी खत्म हुआ तो दूसरा मंगवाना पड़ा। नगर पालिका से पानी के टैंकर भी मंगाए गए। सीएफओ राजाराम यादव भी कर्मचारियों के साथ आग बुझाने में लगे रहे। एक तरफ कर्मचारी आग बुझाने का प्रयास करते रहे तो दूसरी ओर पुलिस आवागमन रोकती रही। तकरीबन चार घंटों से ज्यादा समय में आग पर काबू पाया जा सका। सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल सिंह, एसडीएम मोहित कुमार, सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय पूरा समय मौके पर रहे। ज्योति वैश्य ने बताया कि ईद के त्योहार की वजह से कुछ ही दिन पहले नया स्टाक मंगवाया था। आग से लगभग 50 से 60 लाख रुपये का माल जला है।



दुकान की आग बुझाने के प्रयास के दौरान राहगीरों को रोकते पुलिसकर्मी।

# होली मिलन समारोह में हास्य व्यंग्य की कविताओं की गूंज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार और हिन्दी साहित्य सेवा समिति की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें फाग गीत गए और फूलों की वर्षा कर एक दूसरे के गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। कवि सम्मेलन का सरस्वती वंदना से शुभारंभ हुआ।



कवि सम्मेलन में भाग लेते कविगण ● अमृत विचार

● **अखिल विश्व गायत्री परिवार और हिन्दी साहित्य सेवा समिति का होली मिलन समारोह**

कवि शैलेंद्र मिश्रा देव ने कहा कि मिल जाए कोई अपना तो होली है। मीठा बोले जब रसना तो होली है। दिल में हो अरमान कभी कुछ मिलने के पूरा हो जाए सपना तो होली है। डा. शैलेंद्र कबीर ने यूं कहा कि- सच बयां करने की हिम्मत ही नहीं है जिनमें, वे कुछ भी होंगे कलमकार नहीं हो सकते। सुनील शर्मा समर्थ ने कहा कि- क्यों न हम प्यार की करें बातें, मन से मनोहर की करें बातें। डालकर रंग एक दूजे पर, क्यों न अधिकार की करें बातें। पवन विशेष ने कहा कि - आज सुन के बात मेरी कोई दंग न होता, मुख से मेरे कोई भी ऐसा व्यंग्य न होता। इतिहास के पन्नों को पढ़कर देखा आईना, हम भी नमाजी होते जो भगवा रंग न होता।

प्रभाकर सक्सेना ने कहा कि- जयति जयति गायत्री माता, अखिल विश्व की भाग्य विधाता। ललतेश कुमार ललित ने कहा कि - राधा संग खेले होरी, श्याम श्याम चकोरी। बरसाने की गलियों में देखो, हो रही जोरा जोरी। ओजस्वी जौहरी, विष्णु असावा, वरिष्ठ कवि कामेश पाठक, अचिन शर्मा ने कविता पाठ से ऊर्जा का संचार किया। कवि कामेश पाठक ने संचालन किया। इस मौके पर सचिन देव, महेश, अतेंद्र सिंह, जीत सिंह, गौरीशंकर, शिवनदा सिंह, सीमा गुप्ता, रजनी मिश्रा, पूनम अरोड़ा, गौरी मिश्रा, बृजेश कुमारी, राजेश्वरी, सत्यवती शर्मा, मनोज मिश्रा, वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# खनन अधिकारी ने पकड़ी जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली

**कादरचौक, अमृत विचार:** अवैध खनन करते खनन अधिकारी ने एक जेसीबी मशीन तीन ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर सीज कर दिया। वाहनों को थाना परिसर में खड़ा किया गया है। क्षेत्र में मिट्टी का अवैध करने की जानकारी खनन अधिकारी गुलशन कुमार मिली। सूचना पर खनन अधिकारी कर्मचारियों के साथ निर्धारित स्थान पर पहुंच गए। खनन अधिकारी को देखकर मिट्टी का खनन करने वाले मौके से भाग खड़े हुए। खनन अधिकारी ने एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। वाहनों को सीज कर दिया गया है। खनन अधिकारी की कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।



थाने में खड़ी ट्रैक्टर ट्राली।

# रामोत्सव कार्यक्रम को लेकर विहिप पदाधिकारियों ने की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद की बैठक जिला अध्यक्ष नीरज रस्तोगी के निवास पर हुई। जिसमें रामोत्सव कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई।विहिप संगठन मंत्री योगेश पाठक ने रामोत्सव सहित आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की। बताया कि इस वर्ष जिले में धूमधाम से रामोत्सव का कार्यक्रम जिला, प्रखंड, खंड स्तर पर मनाया जाएगा। कार्यक्रम 21 मार्च से लेकर 2 अप्रैल तक होंगे। रामोत्सव के तहत लोगों को श्री राम के आदर्श जीवन चरित्र के बारे में लोगों को बताया जाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, महेशा सिंह, डीएन शर्मा, अरविन्द शर्मा, किरन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित विहिप पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## बदायूं डायरी

### सरकारी हैंडपंप खराब, पेयजल को भटक रहे ग्रामीण

करियामई, अमृत विचार : विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम करियामई के मिश्रा मोहल्ले में सड़क किनारे लगा सरकारी हैंडपंप काफी समय से खराब पड़ा है। हैंडपंप खराब होने के कारण मोहल्ले के लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, खासकर बढ़ती गर्मी में यह समस्या और गंभीर हो गई है।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित जिम्मेदारों को हैंडपंप ठीक कराने के लिए अवगत कराया,लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।जिस कारण लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे होने के कारण इस हैंडपंप से राहगीर भी अपनी प्यास बुझाते थे,लेकिन खराब होने से सभी को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब पड़े सरकारी हैंडपंप को ठीक कराया जाए। ग्रामीण रामबहादुर मिश्रा ने बताया कि ग्राम प्रधान महेंद्र पाल सिंह से कई बार कहने के बावजूद हैंडपंप को ठीक नहीं कराया गया है। ग्राम प्रधान महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है मिस्त्री को कई बार कहने के बावजूद समय ना मिलने की वजह से हैंडपंप ठीक नहीं हो सका है जल्द ही सही कराया जाएगा।



### भसराला के हनुमानगढ़ी मंदिर में भागवत कथा शुरू

**बदायूं, अमृत विचार :** अलापुर क्षेत्र के ग्राम भसराला स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथा वाचक सपना शास्त्री श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगी। कार्यक्रम को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।





### श्री जीएस मॉडल स्कूल का आरंभ

**बिल्सी, अमृत विचार :** कस्बे के में उझानी रोड स्थित नवनिर्मित श्री जी. एस. मॉडल स्कूल का शुभारंभ हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे भाजपा विधायक हरीश शाक्य द्वारा फीता काटकर शुभारंभ कराया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि ये विद्यालय बिल्सी क्षेत्र के लिए शिक्षा के रूप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस स्कूल के माध्यम से हजारों बच्चों के जीवन को सही दिशा मिलेगी। विद्यालय डायरेक्टर भुवनेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने दूसरे विद्यालय श्री जी. एस. बाल विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल की सफलता और अपने 26 वर्षों के अनुभव से इस आधुनिक विद्यालय की स्थापना की है। बताया कि ये विद्यालय बिल्सी शहर व तहसील क्षेत्र के समस्त गांवों के बच्चों के भविष्य को संवारने हेतु हर संभव प्रयास करेगा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन बिल्सी ओमप्रकाश सागर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह चौहान, राहुल देव शाक्य, दीपक चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मरीजों को दी बदलते मौसम में सतर्क रहने की हिदायत

**उसहैत, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में डॉक्टर संजय कुमार ने दर्जनों मरीजो का उपचार कर दवाइयां वितरण कीं। डाक्टर ने तेजी से बदल रहे मौसम को लेकर मरीजो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा मनुष्य समतापी प्राणी है अर्थात ऋतु के अनुसार होने वाले परिवर्तन के बावजूद भी शरीर का तापमान स्थिर ही रहता है, ऋतु परिवर्तन के समय शरीर काफी संघर्ष करता है। ऐसे में निरोगी रहने के लिए हमको चाहिए कि पुरानी ऋतु के अनुसार खानपान एवं वस्त्र पहने, उन्होने कहा कि बदलते मौसम के चलते लोग कई तरह की बीमारियों के शिकार होते हैं इसलिए खानपान में विशेष सावधानी बरतें। इस मौके पर कस्बे के तमाम लोगों ने बुखार की दवा ली।



**प्रशिक्षण वर्ग** | केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने संघ और भाजपा के इतिहास पर रखे विचार

# कार्यकर्ताओं के समर्पण-संघर्ष से सशक्त हुई भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत रविवार को जनपद के विभिन्न मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग दिया गया। प्रशिक्षण वर्ग में केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने संघ के इतिहास और वैचारिक दृष्टिकोण को लोगों के बीच रखा।





प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार

रविवार को बिल्सी ग्रामीण, उघैती, गौतरा, गढ़िया हरदोईपट्टी,आसफपुर आदि मंडलों में प्रशिण वर्ग का उदघाटन अलग अलग भाजपा नेताओं ने किया। बिल्सी ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण वर्ग भगवान दास पैलेस में आयोजित हुआ, जिसका उद्घघाटन केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तथा उघैती मंडल का प्रशिक्षण वर्ग प्रेम रिसॉर्ट इस्लामनगर में आयोजित हुआ, जिसका उद्घघाटन पूर्व विधायक दयासिन्धु शंखधार ने किया। तथा गौतरा मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शिव पैलेस दातागंज में वरिष्ठ नेता मनोज कृष्ण गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तथा गढ़िया हारदोईपट्टी मंडल का प्रशिक्षण वर्ग ममता उत्सव लॉन में आयोजित हुआ, जिसका उद्घघाटन वरिष्ठ नेता राणा प्रताप सिंह ने किया। तथा आसफपुर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग प्रशिक्षण वर्ग ब्लू ऑर्चिड में आयोजित हुआ, जिसका उदघाटन जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा भाजपा का निर्माण वर्षों के संघर्ष, वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक अनुशासन की मजबूत नींव पर हुआ है। जनसंघ से लेकर आज तक पार्टी ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन कार्यकर्ताओं की दृढ़ प्रतिबद्धता के कारण संगठन निरंतर आगे बढ़ता रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा का विकास केवल राजनीतिक विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का एक सतत अभियान है।

इतिहास एवं विकास विषय पर हरीश शाक्य ने कहा भाजपा का विकास केवल एक राजनीतिक यात्रा नहीं बल्कि राष्ट्रहित को केंद्र में रखकर चलने वाला एक वैचारिक आंदोलन रहा है। जनसंघ के समय से प्रारंभ हुई यह यात्रा अनेक संघर्षों और चुनौतियों के बीच आगे बढ़ रही है। पूर्व विधायक दयासिंधु शंखधार ने कहा भाजपा का इतिहास केवल एक राजनीतिक दल की यात्रा नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रवाद, संगठनात्मक समर्पण और विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा का परिणाम है। वैचारिक अधिष्ठान विषय पर वरिष्ठ नेता मनोज कृष्ण गुप्ता ने कहा कि भाजपा की राजनीति राष्ट्रहित, सेवा और समर्पण की भावना से प्रेरित है। भाजपा की विचारधारा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने और अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने पर केंद्रित है।

वरिष्ठ नेता राणा प्रताप सिंह ने कहा किसी भी संगठन की मजबूती उसकी विचारधारा और कार्यकर्ताओं की निष्ठा पर निर्भर करती है। भाजपा का कार्यकर्ता अपने सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए समाज में जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को आगे बढ़ाता है। जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने कहा संगठन का विस्तार केवल संख्या बढ़ाने से नहीं बल्कि समाज के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने से होता है। कार्यकर्ताओं को गांव-गांव, मोहल्लों और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जाकर संवाद स्थापित करना चाहिए। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर सात सत्रों में पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता डॉ शैलेश पाठक, जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, जिला महामंत्री डॉ अरुण प्रकाश, जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, जिला उपाध्यक्ष नेकपाल कश्यप, जिला उपाध्यक्ष भगवान सिंह मौर्य, प्रदीप चौधरी, अरविंद वाल्मीकि, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज माहेश्वरी, क्षेत्रीय सह-सयोजक आईटी विभाग कृष्णवीर सिंह, जिला संयोजक आईटी विभाग संदीप चौहान, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा केशव चौहान, जिला संयोजक सोशल मीडिया अनुराग दीक्षित, जिला कोषाध्यक्ष डॉ आशीष शर्मा, शिवम शंखधार, रचना शंखधार ने अपने विषयों पर संबोधित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### हमले का आरोप बदला दो दिन बाद नई रिपोर्ट

कुंवरगांव, अमृत विचार : कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव दुगरैय्या में ट्रैक्टर की साइड को लेकर हुए विवाद के मामले में पुलिस तहरीर बदलने के घेरे में आ गई है। पहले पीड़ित ने कुल्हाड़ी से हमले का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी लेकिन दो दिन बाद दी गई नई तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। गांव करौतिया निवासी विकारउद्दीन के मुताबिक उनका भतीजा मुशाहिद 12 मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे ट्रैक्टर से आलू लादकर दुगरैय्या गांव से गुजर रहा था। आरोप है कि गांव में वर्तमान प्रधान के घर के सामने गली में सामने से भूसा भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली आ गई। रास्ता देने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि अकरम ने लोहे की रॉड से मुशाहिद के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। जबकि घटना की रात पीड़ित मुशाहिद ने पुलिस को तहरीर देकर कुल्हाड़ी से हमले का आरोप लगाया था, लेकिन दो दिन बाद 14 मार्च को दी गई दूसरी तहरीर में आरोप बदल दिए गए।

### हैंडपंप से आ रहे कीड़े ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

उझानी, अमृत विचार : उझानी के ग्राम अडौली में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप से कीड़े वाला गंदा पानी आ रहा है जिसको लेकर ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने आज गंदे पानी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए इसकी मरम्मत कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यह हैंडपंप ग्राम समाज की जमीन पर लगा है और लंबे समय से ग्रामीण इसी से पानी भरते आ रहे हैं। पिछले कुछ समय से हैंडपंप से निकलने वाले पानी में छोटे कीड़े दिखाई दे रहे हैं। इस मामले में जब खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) उझानी, सर्वज्ञय अग्रवाल से करने की कोशिश की तो बात नही हो सकी।

# तमंचे कहां से खरीदे, हमलावर अजय ने नहीं खोली जुबान

## बदायूं के खादर क्षेत्र में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त जारी, एचपीसीएल प्लांट में गोलीकांड से बढ़ी पुलिस की चिंता




कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पुलिस के सामने अभी भी कई राज खोलने की चुनौती

अमृत विचार : एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या को लेकर भारी किरकिरी होने के बीच पुलिस कुछ खास सवालों में उलझी नजर आ रही है। प्लांट गोलीकांड में थानेदार के निलंबन और सीओ-एसएसपी के तबादले के बाद नए अफसरों के सामने डबल मर्डर से जुड़ी हर गुत्थी सुलझाने की चुनौती है। बड़ा सवाल ये है कि हमलावर अजय प्रताप सिंह ने दो तमंचे और कारतूसों का इंतजाम कहां से किया था ? वैसे तो गंगा-रामगंगा के खादर में अवैध हथियारों के निर्माण और खरीद-फरोख्त की कहानी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन पुलिस की निगाहें हमलावर को हथियार-कारतूस बेचने वाले सप्लाइर को तलाश रही हैं।

जिले में हत्या-जानलेवा हमले जैसे संगीन अपराधों में अवैध हथियारों के इस्तेमाल अधिकांश बार होता देखा जाता है। अपराधों को रोकने के लिए शासन-प्रशासन ने असलहा लाइसेंस पर कारतूस खरीदे जाने के नियम बहुत सख्त कर रखे हैं। खरीदे गए एक-एक कारतूस का लाइसेंसधारकों से हिसाब लिया जाता है। इसके बाद भी कारतूस कैसे अवैध हथिया रखने वालों तक पहुंचते हैं, इसका जवाब किसी के पास नही हैं।

पुलिस जांच में यह बात साफ हो चुकी है कि दातागंज तहसील क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर दो अधिकारियों की हत्या आरोपी अजय प्रताप सिंह दबंग होने के साथ बेहद शातिर भी था। दुस्साहसिक तरीके से जिस तरह उसने प्लांट के अंदर घुसकर उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक प्रबंधक हर्षिम मिश्रा की हत्या की, उसे देखते हुए लगता है कि उसने हत्याकांड का प्लान पहले ही बना लिया था और सुनियोजित तरीके से वह दो तमंचे लेकर वहां पहुंचा था। हत्याकांड के बाद उसने एक तमंचे के साथ थाने में सरेंडर कर दिया था और दूसरा तमंचा बरामदगी के दौरान भागने की कोशिश में उसे पुलिस की गोली लग गई थी।

पुलिस ने लंबी पूछताछ के बाद आरोपी आरोपी को जेल तो भेज दिया, लेकिन यही बात पता नहीं कर सकी कि उसने दो-दो तमंचे कहां से जुटाए थे। अजय के परिवार और रिश्तेदारियों में कई शस्त्र लाइसेंसधारी बताए जाते हैं। यह भी संभव है कि उसने कारतूसों का जुगाड़ अपने किसी परिचित से किया हो, लेकिन तमंचे किससे खरीदे, अभी यह राज सामने आना बाकी है। पुलिस कई बिंदुओं पर छानबीन कर तो रही है लेकिन हत्याकांड से जुड़े कई सवालों के जवाब देने का दबाव लगातार बना हुआ है। नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा ने इन्वेस्टीगेशन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश भी अफसरों को दिए हैं।



हमलावर अजय का फाइल फोटो।



आरोपी के पिता की इन्हीं दुकानों पर चल सकता है बुलडोजर। ● अमृत विचार




एचपीसीएल के प्लांट पर तैनात पीएसी। ● अमृत विचार

### प्लांट के कमरे में खोली गई अस्थाई पुलिस चौकी

नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा ने डीएम अवनीश राय के साथ प्लांट पहुंचकर हालात जांचे थे और सुरक्षा को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए थे। जिसके बाद आनन-फानन में प्लांट की सुरक्षा के लिए वहां पुलिस चौकी स्थापित कर दी गई है। फिलहाल प्लांट के ही एक हिस्से में अस्थाई चौकी शुरू कराई गई है और दो उपनिरीक्षक व 8 सिपाहियों की तैनाती भी कर दी गई है। पुलिस चौकी के निर्माण के लिए जमीन जल्द चिंह्नित करने की बात अफसर कह रहे हैं।

### अतिक्रमण पर हमलावर के 10 परिजनों को नोटिस जारी

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट में हुए दोहरे हत्याकांड के बाद बदायूं प्रशासन के निशाने पर सैंजनी गांव में जमीनों का अतिक्रमण करने वाले लोग आ गए हैं। एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग की टीम शनिवार को हमलावर अजय के पिता राकेश सिंह की दुकानों की पैमाइश कर चुकी हैं। जिनमें छह दुकानें अतिक्रमण दायरे में पाई गईं। टीम ने अपनी रिपोर्ट बनाकर डीएम को सौंपी दी है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि सेंजनी में अतिक्रकण पर प्रशासन का बुलडोजर कभी भी गरज सकता है। रविवार को भी लोक निर्माण विभाग के एई अभिषेक और जेई घनश्याम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण की जांच की। इसमें साफ हुआ कि हमलावर के परिवार के और लोगों ने भी अतिक्रमण कर रखा है। विभाग की ओर से अतिक्रमण करने वाले उसके परिवार के 10 लोगों को नोटिस जारी कर दिया गया है।

### प्लांट पर प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेसी हाउस अरेस्ट



बदायूं, अमृत विचार : एचपीसीएल प्लांट पर उपवास-प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने वहां रवाना होने से पहले ही हाउस अरेस्ट कर लिया। विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपने आवास के बाहर ही धरना देकर बैठ गए। कांग्रेस नेताओं ने प्लांट गोलीकांड की सीबीआईजी जांच की मांग उठाई है। नेताओं के सैंजनी कूच की तैयारी का पता होते ही दातागंज सीओ केके तिवारी भारी पुलिस बल के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव के आवास पहुंच गए। जिलाध्यक्ष के साथ मौजूद दीपक मिश्रा, राजीव पटेल, अहमद अमजदी, मोरध्वज लोधी, ओमवीर, विजय बहादुर, नवनीत यादव प्लांट पर जाकर उपवास करने की जिद पकड़े थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां नहीं जाने दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने अब 16 मार्च को प्लांट पर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू करने का ऐलान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार की तहरीर को एफआईआर में शामिल तक नहीं किया गया है। उधर, कांग्रेसियों के प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर एचपीसीएल प्लांट पर भी पुलिस बल बढ़ा दिया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच प्लांट पर पूरा दिन सन्नाटा पसरा रहा।

### पीड़ित परिवार को पांच करोड़ मुआवजा देने की मांग



बदायूं : कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में धरने पर बैठे और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। पूर्व जिलाध्यक्ष ने पुलिस पर लापरवाही और कथित संरक्षण के आरोप लगाए। उन्होंने मारे गए प्लांट अफसरों के परिवारों को पांच-पांच करोड़ मुआवजा व आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई। इस दौरान जितेंद्र साहू, गौरव सिंह राठौर इखलास हुसैन, जगदीश सागर, अकील अहमद, मुनेंद्र कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

### बरेली से पीलीभीत जा रहे कांग्रेसी रोके गए

बरेली। बदायूं में हत्याकांड का शिकार हुए एचपीसीएल के सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा के परिवार से मिलने जा रहे कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. केबी त्रिपाठी को पुलिस ने बरेली में रविवार को हाउस अरेस्ट कर लिया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक प्रतिनिधि मंडल गठित कर हर्षित के परिजनों से मिलने के निर्देश दिए थे। रोके जाने पर डॉ. ने कहा कि प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं।

**पीलीभीत में कांग्रेस नेता हर्षित के घर पहुंचे:** पीलीभीत। उपप्रबंधक हर्षित मिश्रा की बदायूं में हत्या के बाद कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर पहुंचा और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सीबीआई जांच की मांग उठाई। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व विधायक संजय कपूर, धीरेंद्र प्रसाद, जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, अनूप वर्मा, कुमुद गंगवार, श्रीकृष्ण गंगवार आदि रहे।

# औद्योगिक क्षेत्र में बन गई चौकी मगर एक साल बाद भी पड़े ताले

संवाददाता, कुंवरगांव

अमृत विचार : प्लांट पर हत्याकांड के बाद वहां पुलिस चौकी बनाई गई लेकिन पहले से घोषित सालारपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस चौकी के बनने के बाद आज तक ताला नहीं खुला है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

सैंजनी के प्लांट पर हत्याकांड के बाद इस औद्योगिक क्षेत्र के लोगों के सामने भी चिंता सुरक्षा की चिंता है। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के इस एरिया में साल 2020 में पुलिस चौकी का निर्माण कराया गया था। औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले मजदूर और अधिकारियों का कहना है कि जब से यह पुलिस चौकी बनी है तब से ताला नहीं खुला। आज तक कोई पुलिसकर्मी नहीं आया। चौकी पर इंचार्ज सुमित शर्मा का नाम लिखा है। पुलिस चौकी खंडहर में तब्दील हो चुकी है। स्थानीय लोगों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खतरा बना हुआ है। उद्योगपतियों ने कहा है कि नवागत एसएसपी ने प्लांट पर चौकी बनाई है। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र में भी पुलिस चौकी की दरकार है।




बंद पड़ी सालारपुर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित पुलिस चौकी। ● अमृत विचार

# फायरिंग मामले में हिस्ट्रीशीटर पूर्व प्रधान को भेजा गया जेल

संवाददाता, इस्लामनगर

- 13 मार्च को ट्रैक्टर रोकर की थी मारपीट और फायरिंग

अमृत विचार : थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सैफुल्लागंज में ट्रैक्टर चालक और उसके बेटे के साथ मारपीट, जातिसूचक शब्द कहने तथा फायरिंग करने के आरोपी हिस्ट्रीशीटर पूर्व प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा और खोखा कारतूस भी बरामद किया गया है, जबकि उसका बेटा अभी फरार बताया जा रहा है।

गांव निवासी बदन सिंह पुत्र पीताम्बर 13 मार्च की शाम अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से नूरपुर पिनौनी से घर लौट रहे थे। ट्रैक्टर को उनका बेटा मनवीर चला रहा था। शाम करीब छह बजे जब दोनों गांव में हिस्ट्रीशीटर पूर्व प्रधान यादवीर यादव के मकान के सामने पहुंचे, तभी यादवीर यादव और उसके बेटे मुनीश ने ट्रैक्टर रुकवा लिया। आरोप है कि दोनों ने बदन सिंह और उनके बेटे के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। जिसमें आरोपी अवैध असलहा से फायरिंग करता दिखाई दे रहा है। रविवार को आरोपी यादवीर यादव को खंजनपुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्तार पूर्व प्रधान।

# पुलिस भर्ती: कड़ी निगरानी के बीच 2302 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : एसआई पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। दोनों पालियों में पंजीकृत 8,640 में से 6,338 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। 2,302 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान डीएम, एसएसपी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी केंद्रों का भ्रमण करते रहे।

जिले के 15 केंद्रों पर एसआई पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा चल रही थी। जिसके दूसरे दिन की परीक्षा भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा के दौरान सीसीटीवी के माध्यम से कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की गई। प्रशासन और पुलिस बल पूरे समय मुस्तैद रहा, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सका। प्रथम पाली में 4320 अभ्यर्थियों में से 3165 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। 1155 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 4320 अभ्यर्थियों में से 3173 उपस्थित रहे। 1147 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में उपस्थिति प्रतिशत 73.26% तथा द्वितीय पाली में उपस्थिति प्रतिशत 73.45% रहा। जनपद के सभी 15 केंद्रों पर द्वितीय दिवस की परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। दो दिवसीय परीक्षा में कुल 17280 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिसमें 12480 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, तथा 4800 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों दिवस का कुल उपस्थिति प्रतिशत 72.22% रहा। परीक्षा के दौरान डीएम अवनीश कुमार राय और एसएसपी अंकिता शर्मा सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा केंद्रों का भ्रमण किया गया।



परीक्षा के बाद घर जाने की जल्दी में रोडवेज बस के पर चढ़ते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### महिला अभ्यर्थियों के आभूषण उतरवाए

परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को सघन तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। नाक-कान और कलाई में किसी प्रकार के आभूषण नहीं पहने दिए गए। सुहाग के प्रतीक कंगन और मंगलसूत्र के साथ ही कलावा, नाक-कान के आभूषण भी उतरवाए गए।



परीक्षा के बाद प्रश्न पत्र देखते अभ्यर्थी।

### अभ्यर्थियों को न्यूमेरिकल सवालों ने भी छकाया

एसआई पुलिस भर्ती परीक्षा दूसरे दिन सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि 160 प्रश्न हल करने थे। इसके लिए 120 मिनट का समय मिला था। बताया कि सामान्य ज्ञान, हिंदी और रीजनिंग से जुड़े ज्यादातर सवाल तुलनात्मक रूप से आसान लगे। विधि और संविधान से जुड़े कई प्रश्न पूछे गए थे। इनमें कुछ सवालों के जवाब कठिन लगे। न्यूमेरिकल सवालों ने भी छकाया। समय कम होने के कारण कई अभ्यर्थी सभी सवालों के जवाब नहीं दे पाए। अभ्यर्थी रोहित, सौम्या और साक्षी ने बताया कि अंतिम पांच-छह मिनट में उन्होंने लगभग 50 सवाल हल किए। बताया कि प्रश्न पत्र अधिक कठिन नहीं था। गणित के प्रश्नों के जवाब देने में कुछ परेशानी हुई लेकिन उनके जवाब भी दे दिए गए। अच्छे अंक प्राप्त होने की उम्मीद है।

# प्रभु श्री राम का मर्यादित जीवन बनाता है आज्ञाकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : भगवान परशुराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नेकपुर में चल रही श्री राम कथा महोत्सव के तीसरे दिन कथा वाचक सामाजिक संत रवि समदर्शी ने रामचरितमानस की महिमा व विभिन्न प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया।

संत रवि समदर्शी ने कहा कि जो कार्य मानवता को सत्य और करुणा के मार्ग पर ले जाए वही धर्म है, जबकि अहंकार, हिंसा और अन्याय अधर्म की ओर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम से मर्यादित जीवन और आज्ञाकारी बनें रहने की प्रेरणा मिलती है। याज्ञवल्क्य और भारद्वाज के संवाद का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि यह संवाद ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का अद्भुत संगम है। इस मौके पर मुख्य यजमान हिमांशु मिश्रा, डा. विनय कुमार दुबे सेवानिवृत्त जेल अधीक्षक, शील पांडे, रामबहादुर पांडे, राजेश्वर पांडे, एनसी मिश्रा, श्याम पाल सिंह, सभासद सुरेश, अभिनाश, आर्येन्द्र आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायतों को बजट जारी, होंगे अधूरे काम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत जारी हुई अनटाइड ग्रांट की दूसरी द्वितीय

अमृत विचार : पंचायत चुनावों की सरगर्मियां चल रही हैं। संभावित प्रत्याशी प्रचार प्रसार में जुटे हैं। इसी बीच जिले की पंचायतों को बजट आवंटित हुआ है। 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत अनटाइड ग्रांट की द्वितीय किस्त ग्राम पंचायतों को मिली है। केंद्र सरकार की ओर से जिले की ग्राम पंचायतों को करीब 16.44 करोड़ रुपये भेजे गए हैं। बजट मिलने के बाद ग्राम पंचायतों में रुके अधूरे कार्य पूरे कराएं जाएंगे। ग्राम प्रधानों को इसका लाभ मिलेगा। जिले में 1036 ग्राम पंचायत हैं। ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्य के लिए राज्य और केंद्र सरकार के द्वारा अलग अलग मदों में बजट आवंटित किया जाता है। दिसंबर में ग्राम पंचायतों को राज्य वित्त आयोग की ओर से बजट जारी किया गया। ग्राम प्रधानों को लंबे समय से 15 वे वित्त आयोग से प्राप्त होने वाले अनटाइट बजट का इंतजार था। ग्राम पंचायतों को मिले बजट के बाद विकास कार्य तेजी से होंगे। केंद्र सरकार की ओर से 15 वें वित्त का अनटाइट बजट को अलग-अलग मद के हिसाब से जारी किया गया है।

> 15वें वित्त आयोग की अनटाइट ग्रांट आ गई है। इस धनराशि से ग्राम पंचायतों में बुनियादी विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। चुनावी माहौल के बी ग्राम प्रधानों और सचिवों को धनराशि का उपयोग पारदर्शी तरीके स्वीकृत मदों पर खर्च करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -यावर अब्बास, डीपीआरओ

# कांशीराम ने वंचित-पिछड़े समाज में चेतना जगाकर किया था संगठित : आदित्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कांशीराम के जन्मदिवस पर डायट में हुआ कार्यक्रम, सांसद आदित्य यादव ने किया प्रतिभाग

अमृत विचार : कांशीराम के जन्मदिवस के अवसर पर डायट स्थित ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद आदित्य यादव ने कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। कहा कि बहुजन आंदोलन के महानायक कांशीराम ने देश के दलित, पिछड़े, गरीब और वंचित समाज को राजनीतिक चेतना देकर उन्हें अधिकार और सम्मान की लड़ाई के लिए संगठित किया।

सांसद ने कहा कि कांशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब के रूपनगर में हुआ था। साधारण परिवार से होने के बाद भी उन्होंने असाधारण संघर्ष से बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक किया और उन्हें लोकतंत्र में हिस्सेदारी का रास्ता दिखाया। उनका प्रसिद्ध नारा जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी सामाजिक न्याय और समानता की राजनीति का मजबूत आधार है। देश के वंचित समाज को यह समझाया कि लोकतंत्र में केवल वोट देने से ही बदलाव नहीं आता बल्कि सत्ता और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी भी जरूरी है। देश में आज पीडीए - पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज की जो आवाज मजबूत हो रही है, उसकी वैचारिक प्रेरणा भी कांशीराम के संघर्षों से ही जुड़ी हुई है। उनका पूरा जीवन सामाजिक न्याय, समानता और बहुजन समाज को राजनीतिक शक्ति दिलाने के लिए समर्पित रहा। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष उसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए। सामाजिक न्याय, भाईचारे और समानता की राजनीति को मजबूत कर रहे हैं। कहा कि आज किसान परेशान है, नौजवान बेरोजगारी से जूझ रहा है और महंगाई लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में समाज को बांटने के बजाय विकास, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर काम करने की जरूरत है। सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव, डॉ. यासीन अली उस्मानी, विधायक हिमांशु यादव, पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह, हाजी बिट्टन, भूपेंद्र सिंह दद्दा, सुरेश पाल सिंह, फखरे अहमद शोबी, उदयवीर शाक्य, रजनीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



डायट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद आदित्य यादव।



कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते पूर्व मंत्री आबिद रजा।

### बदायूं में नगर पालिका लगवाएगी कांशीराम की प्रतिमा : पूर्व मंत्री

बदायूं, अमृत विचार : बहुजन समाज के महानायक और बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम की जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रजा ने अपने कैंप कार्यालय पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा को पत्र लिखकर शहर के किसी चौराहे या पार्क में कांशीराम की प्रतिमा लगवाने को कहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांशीराम का पूरा जीवन बहुजन समाज को संगठित करने और उसे सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक अधिकार दिलाने के संघर्ष में समर्पित रहा। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और उनके आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए अपना जीवन लगा दिया। कांशीराम ऐसे महान नेता थे, जिन्होंने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्ग के लोगों को एकजुट कर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। देशभर में घूम कर बहुजन समाज को संगठित करने का कार्य किया और विश्वास दिलाया कि संगठित होकर ही अपने अधिकारों की लड़ाई जीती जा सकती है। कांशीराम ने जाति के आधार पर बंटे और कमजोर किए गए समाज के लोगों को एकता के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। सभासद मुशाहिद अली, अफसर अली खां, कौसर अली, छोटू, बब्लू रिजवान, रजी उद्दीन, मिंटू, मानू आदि लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1016550 के प्रमाण पत्र सह अंकपत्र व इण्टरमीडिएट मुख्य परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0772050 के प्रमाण पत्र सह अंकपत्र की मूल प्रतिलिपियाँ वास्तव में खो गयी और और मेरी यह घोषणा सत्य है। **वर्षा देवी पुत्री नन्हे लाल निवासी ग्राम व पोस्ट कुरैया खुर्द कलां थाना सेहरामऊ उत्तरी तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

